आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 186 ● कटनी ● रविवार, 7 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास शुक्ल पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल

DIGIANA NEWS 91

hathway 598

UCN NEWS HD 81



महापौर की शपथ लेते अन्नू सिंह




मंच पर धर्माचार्यों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ और महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक तरूण भानोत, लखन घनघोरिया, संजय यादव व विनय सक्सेना

# शपथ लेते ही महापौर अन्नू सिंह का पहला उद्घोषः जय नर्मदा मैया , जय जबलपुर

## सबको मिलकर एक खूबसूरत शहर का निर्माण करना है

**जबलपुर, यशभारत। जगत बहादुर सिंह अन्नू ने 21 वें महापौर के रूप में आज रविवार को शपथ लेते हुए पहले उद्घोष में नर्मदा मैया को प्रणाम कर जय जबलपुर के नारे लगाए।**

शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, पूर्व वित्त मंत्री, विधायक तरूण भनोत, विधायक लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, संजय यादव, अधिवक्ता वरूण तन्खा, पूर्व महाअधिवक्ता शशांक शेखर, सहित कांग्रेस वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह में महापौर अन्नू सिंहने सबसे पहले संतों का आर्शीवाद लिया। अन्नू सिंह ने कहा कि हम सबको मिलकर एक खूबसूरत शहर का निर्माण करना है। महापौर ने मंच से कहा कि आज दुखी हूं क्योंकि मैं चाहता था कि भाजपा नेता और पार्षद एक साथ मेरे साथ शपथ लेते तो अच्छा होता। फिर भी कोई बात नहीं आगे सबको साथ लेकर काम करूंगा। मंच पर विराजमान स्वामी सुबुद्धानंद महाराज,जगतगुरू राघव देवाचार्य मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी ,स्वामी कालिकानंद , स्वामी गिरीशानंद महाराज, स्वामी नरसिंहदास जी महाराज,स्वामी रामदास जी महाराजपूज्य साधवी स्वामी विभानंद , स्वामी मुकुंददास , स्वामी चैतन्यानंद , स्वामी राजारामानंदचार्य ,अशोकानंद ,मुख्यग्रंथी श्री गुरूसिंह सभा, गोरखपुर सरदार हरजीत सिंह विशप जेराल्ड अल्मेड़ा ने महापोर और पार्षदों को आशीर्वाद दिया।

## कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद को गिरफ्तार करने का आदेश

**गोरखपुर, एजेंसी।** उत्तरप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। सीजेएम जगन्नाथ ने मत्स्य पालन मंत्री को 10 अगस्त तक गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी शाहपुर पुलिस को दी गई है। मामला सात जून 2015 का है। सरकारी नौकरी में निषादों को पांच फीसदी आरक्षण देने की मांग को लेकर सहजनवां क्षेत्र के कसरवल में आंदोलन चल रहा था। आंदोलनकारी रेलवे ट्रैक पर बैठे थे। इसी बीच विवाद बढ़ा और लाठीचार्ज हो गया। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। आरोप लगा कि पुलिस की गोली से मौत हुई थी। इससे आंदोलन उग्र हो गया। आंदोलनकारी पुलिस से भिड़ गए और उसकी कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया ।इस घटना में 24 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। मामले में तत्कालीन सहजनवां थानाध्यक्ष श्यामलाल ने निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद सहित कई लोगों के खिलाफ बलवा आगजनी, तोड़फोड़ और सेवन सीएलए की धारा में केस दर्ज कराया था। तहरीर में लिखा था कि भीड़ को भड़काकर बवाल कराया था। मामले में नामजद डॉ. संजय ने 21 दिसंबर 2015 को कोर्ट में सरेंडर किया और जेल भेजे गए थे। 14 जनवरी 2016 को जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आए। यह मामला सीजेएम कोर्ट में विचाराधीन है। अब सीजेएम ने गैर जमानती वारंट जारी करके डॉ. संजय निषाद को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है।



## 15 अगस्त से पहले दिल्ली में ISIS मॉड्यूल का खुलासा

### बाटला हाउस से संदिग्ध आतंकी को दबोचा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। 15 अगस्त से पहले एजेंसी ने दिल्ली से आईएसआईएस के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। आतंकी का नाम मोहसिन अहमद है। उसे आईएसआईएस मॉड्यूल की गतिविधियों को लेकर की गई तलाशी के बाद गिरफ्तारी किया गया है। एनआईए ने रविवार को आरोपी मोहसिन अहमद पुत्र मोहम्मद शकील अहमद के आवासीय परिसर की तलाशी ली। वह वर्तमान में एफ- 18/27, जापानी गली, जोगाबाई एक्सटेंशन, बाटला हाउस में रह रहा था। एनआईए ने 25 जून को आईपीसी की धारा 153ए, और 153बी और यूए(पी) अधिनियम की धारा 18, 18बी, 38, 39 और 40 के तहत मामला दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपी प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस का कट्टरवादी और सक्रिय सदस्य है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## काला जादू के नाम पर बेटी को पीट-पीटकर मार डाला

### यूट्यूब चैनल के लिए वीडियो भी बनाया

मुंबई,एजेंसी। महाराष्ट्र के नागपुर में पांच साल की एक बच्ची को उसके माता-पिता ने काला जादू के नाम पर उसे पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात की है। पुलिस ने बच्ची के पिता सिद्धार्थ चिमने, मां रंजना और चाची प्रिया बंसोड़ को गिरफ्तार कर लिया है। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुभाष नगर निवासी चिमने यूट्यूब पर एक स्थानीय समाचार चैनल चलाता है। वह पिछले महीने गुरु पूर्णिमा पर अपनी पत्नी, पांच और 16 साल की दो बेटियों के साथ तकलघाट इलाके में दरगाह गया था। तब से व्यक्ति को अपनी छोटी बेटी के व्यवहार में कुछ बदलाव महसूस हो रहा था।

## ISRO के SSLV रॉकेट की सफल लॉन्चिंग , लेकिन उपग्रहों से संपर्क टूटा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रविवार को अपने पहले स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल SSLV-Dv को आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च कर दिया है। इस व्हीकल में दो उपग्रह भेजे गए हैं। लॉन्चिंग सफल रही और रॉकेट ने सही तरीके से काम करते हुए दोनों सैटेलाइट्स को उनकी निर्धारित कक्षा में पहुंचा दिया। हालांकि उसके बाद सैटेलाइट्स से डेटा मिलना बंद हो गया है। इस पर इसरो का बयान भी सामने आया है।दरअसल, इसरो ने रविवार सुबह सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा से अपने पहले लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान SSLV-Dv को पृथ्वी अवलोकन उपग्रह और छात्र-निर्मित एक उपग्रह AzadiSAT के साथ लॉन्च किया। रॉकेट ने सही तरीके से काम करते हुए दोनों सैटेलाइट्स को उनकी निर्धारित कक्षा में पहुंचा दिया। लेकिन उसके बाद सैटेलाइट्स से डेटा मिलना बंद हो गया।



इस पूरे मामले पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि इसरो मिशन कंट्रोल सेंटर लगातार डेटा लिंक हासिल करने का प्रयास कर रहा है। हम जैसे ही लिंक स्थापित कर लेंगे, देश को सूचित करेंगे। एसएसएलवी के जरिए इसरो ने जिन दो सैटेलाइट्स को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया उनमें श्वह्रस्02 एक अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट हैं। जो 10 महीने के लिए अंतरिक्ष में काम करेगा। इसका वजन 142 किलोग्राम है। इसमें मिड और लॉन्ग वेवलेंथ इंफ्रारेड कैमरा लगा है। जिसका रेजोल्यूशन 6 मीटर है। यानी ये रात में भी निगरानी कर सकता है। जबकि दूसरा AzaadiSAT सैटेलाइट्स है। यह स्पेसकिड्ज इंडिया नाम की देसी निजी स्पेस एजेंसी का स्टूडेंट सैटेलाइट है। इसे देश की 750 लड़कियों ने मिलकर बनाया है। स्पेस किड्स इंडिया के विद्यार्थियों की टीम ने धरती पर प्रणाली तैयार की जो उपग्रह से डाटा रिसीव करेगी। यह सैटेलाइट नई तकनीक से लैस है जो कि फॉरेस्ट्री, एग्रीकल्चर, जियोलॉजी और हाइड्रोलॉजी जैसे क्षेत्रों में काम करेगा।

## स्वास्थ्य संबंधी कारणों से विवेक तन्खा महापौर के शपथ ग्रहण समारोह में नहीं हुए शामिल

**जबलपुर, यशभारत।** आज को आयोजित महापौर शपथ ग्रहण समारोह में राज्य सभा सांसद और वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक तन्खा स्वास्थ्य संबंधी कारणों से शामिल नहीं हो सके। उन्होंने मैसेज जारी करते हुए कहा कि संस्कारधानी के मेरे दोस्त मेरे भाई - बहन..जिस पल का आप सभी को और मुझे इंतज़ार था यानी जगत बहादुर सिंह अन्नू के महापौर और निगम में जीतकर पहुंचे सभी 79 पार्षदों के शपथ ग्रहण का , पर इस ऐतिहासिक दिन पर मैं स्वास्थ्य संबंधी कारणों से नहीं पहुंच पाया क्योंकि मेरी एक छोटी सी सर्जरी हुई है जिसके बाद मुझे कुछ दिन आराम करने की सलाह डॉक्टरों ने दी है। में अपने शहर के लोगों से खेद व्यक्त करता हूं..आशा करता हूं आप समझ सकेंगे .. एक बार दिल से आप सभी नवनिर्वाचित 79 पार्षदों और शहर के नए मेयर जगत बहादुर अन्नू को बधाई.. आशा करता हूं जनता ने जिस विकास के सपने को साकार करने आप को चुना है आप उन की कसौटी पर खरा उतरेंगे...।



## 3 साल की बच्ची को चूहे से कटवाया नाक-पैर का मांस खा गया

**सीवान,एजेंसी।** सीवान में एक महिला को बच्चे नहीं हो रहे थे। उसने एक डॉक्टर के कहने पर 3 साल की बच्ची को 15000 रुपए में खरीदा। इसके बाद महिला उस बच्ची को चूहे से कटवा रही थी। उसे स ?क पर बोरी बिछाकर सुलाती। जानवरों की तरह उसे एक कटोरे में स ?क पर ही बासी खाना देती। मारपीट करती। चूहे ने बच्ची के नाक और पैर का मांस तक नोंच लिया। पड़ोसियों को जब पता लगा तो उन्होंने पुलिस बुलाई। बच्ची को चूहे से कटवाते महिला का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में वो महिला चूहा लेकर उसके पीछे भाग रही है। और वो चिल्ला रही है। मानव तस्करी से जुड़ा ये मामला एमएच नगर थाना क्षेत्र के हसनपुरा के उसरी गांव का है।बच्ची को खरीदने वाली महिला का नाम सरस्वती देवी है। घटना की जानकारी लोगों को तब हुई जब मासूम बच्ची को खरीदने वाली महिला के द्वारा मारपीट की जा रही थी। जिसको देख पड़ोसियों ने विरोध किया और पुलिस को इसकी सूचना दी।वहीं सरस्वती की पड़ोसी सुशीला देवी ने बताया की खरीदने वाली महिला बराबर बच्ची को मारती पिटती है।

**सीवान में मासूम को 15000 में खरीदकर लाई थी**

## रूसी हमले में तहस नहस हुआ यूरोप का सबसे बड़ा न्यूक्लियर प्लांट

कीव, एजेंसी। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार जारी है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख का कहना है कि ज़ापोरिज्जिया स्थित यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र रूसी हमले में क्षतिग्रस्त हो गया है। आईएईए के महानिदेशक ने शुक्रवार को परिसर में हुई गोलाबारी के बाद इसकी स्थिति के बारे में चेतावनी जारी की है। राफेल मारियानो ग्रॉसी ने एक बयान में कहा, मैं यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में कल की गई गोलाबारी से बेहद चिंतित हूं। यह एक परमाणु आपदा के वास्तविक जोखिम को रेखांकित करता है। यह यूक्रेन और उसके बाहर सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण को खतरे में डाल सकता है।ग्रॉसी ने कहा कि यूक्रेन ने रिएक्टरों को कोई नुकसान नहीं होने और कोई रेडियोलॉजिकल रिलीज नहीं होने की सूचना दी थी, लेकिन यह सैन्य कार्रवाई अस्वीकार्य है।

## सागर में 6,000 मीटर नीचे जाकर रहस्य को तलाशेंगे वैज्ञानिक, 2026 तक होगा पूरा

**नई दिल्ली,एजेंसी,** ।गहरे सागर में छिपे असंख्य रहस्यों को तलाशने के लिए 2026 में हमारे वैज्ञानिक 6,000 मीटर गहरे सागर में उतरेंगे। 2021 में शुरू हुआ देश का पहला समुद्रयान मिशन 4,077 करोड़ रुपये की लागत से 2026 की पहली तिमाही तक बनकर तैयार हो जाएगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत विकसित होने वाले इस मिशन के लिए सरकार ने 2021 से 2024 तक पहले चरण के लिए 2,823 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है।



### असम में जापानी बुखार से 37 दिनों में 63 की मौत

गुवाहाटी,एजेंसी। बारिश और बाढ़ के बाद असम में जापानी इंसेफेलाइटिस बुखार ने आतंक मचा रखा है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अनुसार राज्य के 35 जिलों में से 22 जिले इसकी चपेट में हैं। अब तक इस बुखार से पिछले 37 दिनों में करीब 63 लोगों की मौत हो गई, जबकि 347 संक्रमित हैं। शनिवार को ही नागांव जिले से तीन मौतें हुईं।

## अबॉर्शन पर सुको का बड़ा कमेंट

## अविवाहित महिलाओं को अबॉर्शन का अधिकार न देना उनकी आजादी छीनने जैसा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अविवाहित महिलाओं को गर्भपात के अधिकार से वंचित रखना उनकी व्यक्तिगत आजादी का हनन है। कोर्ट इस कानून में बदलाव कर अनमैरिड महिलाओं को भी अबॉर्शन की अनुमति देने पर विचार करेगा। कोर्ट मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी अधिनियम और संबंधित नियमों की व्याख्या करेगा। इसमें तय होगा कि अविवाहित महिलाओं को 24 सप्ताह के गर्भपात की अनुमति दी जा सकती है या नहीं।जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह बात कही। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को इस प्रक्रिया में अदालत की सहायता करने को कहा है।

### अबॉर्शन के लिए डॉक्टरों की सलाह जरूरी

मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि अविवाहित महिलाओं को 24 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए कानून में शामिल क्यों नहीं किया जा सकता है। उन्होंने साफ किया कि अबॉर्शन के लिए डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। पीठ ने कहा कि चविधायिका का क्या इरादा है? यह सिर्फ च्पतिज् शब्द का उपयोग नहीं करता है। कानून में पार्टनर शब्द का इस्तेमाल किया गया है। कानून सिर्फ शादी के बाद प्रेग्नेंट होने वाली महिलाओं के बारे में ही चिंतित नहीं है, कानून अनमैरिड महिलाओं की भी चिंता करता है। अगर विवाहित महिलाओं को गर्भपात की अनुमति है तो अविवाहित महिलाओं को इससे बाहर नहीं रखा जा सकता। कानून की नजर में हर महिला का जीवन मायने रखता है।



### दिल्ली हाईकोर्ट ने कर दिया था इनकार

मामला दिल्ली हाईकोर्ट में था, जहां 15 जुलाई को कोर्ट ने अबॉर्शन पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि सहमति से गर्भवती होने वाली अविवाहित महिला मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (रूझ्क्क) रूल्स, 2003 के तहत अबॉर्शन नहीं करवा सकती। सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट की बेंच ने मौखिक टिप्पणी में कहा था कि इस स्तर पर अबॉर्शन बच्चे की हत्या के समान होगा। वहीं दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अगुआई वाली बेंच ने बच्चे को गोद लेने के लिए उसे जन्म देने का सुझाव दिया था।

## पत्नी का 35लाख का बीमा कराया, फिर हत्या करा दी

**भोपाल ,यशभारत।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ में कर्ज के जाल से बाहर निकलने के लिए पति ने खतरनाक साजिश रची। उसने पहले पत्नी का बीमा करवाया, फिर 5 लाख की सुपारी देकर बदमाशों से उसकी हत्या करा दी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी के मंसूबों पर पानी फेर दिया। मामला राजगढ़ के कुरावर थाना इलाके के माना जोड़ का है। 26 जून को पूजा मीणा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। साजिश रचने वाला आरोपी उसका पति बद्रीप्रसाद मीणा है। उसने न केवल शातिराना अंदाज में पूजा की हत्या करवाई, बल्कि मौसेरे भाई को इस मामले में फंसाने की भी कोशिश की। राजगढ़ एडिशनल एसपीमनकामना प्रसाद ने बताया कि बद्रीप्रसाद पर 40 से 50 लाख रुपए का कर्ज था। उसने यह कर्ज उतारने के लिए पत्नी का 35 लाख रुपए का बीमा कराया। बद्री इस बीमा राशि से कर्ज चुकाना चाहता था। उसने बीमा की राशि को हड़पने के लिए पत्नी की हत्या की साजिश रची। गोलू मीणा, शाकिर शाह और हुनरपाल सिंह को 5 लाख रुपए में पत्नी की सुपारी दे दी। तीनों ने गोली मारकर पूजा की हत्या कर दी।


**राजगढ़ में कर्जदार पति को बीमा राशि हड़पना था; 5 लाख में दे दी सुपारी**

**कल फैसला**

# निगमाध्यक्ष के लिए सियासत की बिसात

## भाजपा दावेदारों से परेशान, कांग्रेस बागी को समर्थन देने की जुगत में, पार्षदों की जमकर घेराबंदी

**कटनी, यशभारत।** जिले की दो नगर परिषद कैमोर तथा विजयराघवगढ़ में भाजपा ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया। निश्चित तौर पर यह भाजपा के लिए उत्साहजनक परिणाम थे। यही नहीं पूरे प्रदेश के आंकड़ों पर गौर करे तो भी भाजपा का ही दबदबा कायम दिख रहा है पर अब सवाल कटनी नगर निगम का सामने है। नगर निगम में भाजपा का बहुमत तो है लेकिन उसके अपने ही दावेदारों की संख्या बढ़ती जा रही है ऐसे में किसे पार्षद चुनते हैं यह चिंता का विषय बन गया है। भाजपा अपने दावेदारों से परेशान है तो वहीं कांग्रेस इन्ही दावेदारों को हवा देकर कम से कम सर्वसम्मति न बने इसके प्रयास में जुटी है। भाजपा में अब तक 5 नाम अध्यक्ष पद के लिए सामने आए हैं। जिनमे मनीष पाठक, संतोष शुक्ला, श्याम पंजवानी, जयनारायण निषाद तथा सुरेन्द्र गुप्ता शामिल हैं। इन नामों में से पार्टी किस पर अपनी मुहर लगाती है वह अगले कुछ घंटे में तय हो जाएगा। मजेदार पहलू यह है कि इन्हीं नामों में से किसी एक पर सहमति के प्रयास भाजपा संगठन कर रहा है स्वाभाविक है किसी भी एक नाम पर सहमति बनने के बाद बाकी बचे दावेदारों के बागी होने को हवा देने का काम कांग्रेस कर रही है। सूत्रों के अनुसार ऐसे दावेदार से कांग्रेस का संपर्क शुरू है जिसके लिए अध्यक्ष की संभावना क्षीण हैं। चर्चाओं के अनुसार कांग्रेस निर्दलीयों के साथ 18 सदस्यों की संख्या का दावा कर रही है। यही नहीं क्रॉस वोटिंग में उसके पास कम से कम 5 भाजपा के पार्षद भी साथ हो सकते हैं यह दावा भी किया जा रहा है। दावे में कितना दम है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा लेकिन इतना तो तय है कि भाजपा के लिए अपने ही दावेदारों



से ज्यादा संकट उभरता दिख रहा है। उधर भाजपा सूत्रों की मानें तो भले ही उसके पास दावेदारों की संख्या ज्यादा है लेकिन अंततः वह किसी एक नाम पर सहमति कायम कर लेगी। सूत्रों के अनुसार नगर निगम अध्यक्ष पद के चुनाव की जिम्मेदारी में भी अहम भूमिका विधायक संजय पाठक की होगी। बीते दो दिनों से वह अपनी विधानसभा में तीन नगर परिषदों के चुनाव में उलझे हैं। तीनों नगर परिषदों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ है। आज बरही में भी भाजपा श्री पाठक की रणनीति के साथ निर्विरोध अध्यक्ष बनवाने में कामयाब रही। बताया जाता है कि नगर परिषदों के निर्वाचन के बाद आज से भाजपा अब पूरा फोकस नगर निगम अध्यक्ष के चुनाव में करने जा रही है। सूत्रों के अनुसार भाजपा के पर्यवेक्षक कांतादेव सिंह के साथ जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, विधायक संजय पाठक तथा संदीप जायसवाल के मध्य दो दिनों तक मंथन जारी था। इस मंथन से प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा को अवगत करा दिया गया है। सूत्रों ने दावा किया है कि अंतिम निर्णय प्रदेश अध्यक्ष को ही लेना है। संभवतः कल सुबह तक सब कुछ साफ हो जाएगा कि कौन बनेगा नगर निगम का स्पीकर।

### दावेदारों का पार्षदों से निरंतर संपर्क राजनीतिक दल भी रखे हैं हर गतिविधि पर नजर, कल तक सब हो जाएगा साफ

नगर निगम में अध्यक्ष पद के लिए संभावित नामों के द्वारा पार्षदों से निरंतर संपर्क किया जा रहा है। भाजपा के पास वैसे तो 27 पार्षदों का अच्छा खासा बहुमत है फिर भी पार्टी कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। बताया गया कि भाजपा अपने पार्षदों पर नजर रखे हुए है उनकी किन्ही भी गतिविधियों को लेकर पार्टी पूरी तरह से संजीदा है। जिले की तीन नगर परिषद कैमोर विजयराघवगढ़ के बाद बरही में भी भाजपा ने जिस रणनीति की बानगी पेश की उससे कांग्रेस चारों खाने चित्त हो गई अब नगर निगम भी उसकी हालत ऐसी न हो इसे लेकर कांग्रेस के स्थानीय नेता ही नहीं प्रदेश स्तर के नेताओं की भी नजर है। इधर चूंकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के संसदीय क्षेत्र का यह मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय है। पहले ही यहां महापौर चुनाव में भाजपा की बागी से ही पार्टी को पराजय मिली थी अब निगमाध्यक्ष को लेकर भी वहीं परिस्थिति निर्मित न हो इसके लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार है। नगर निगम भाजपा का अध्यक्ष बनना तो तय है अलबत्ता वह सहमती से बन पाता है या नहीं या फिर कांग्रेस भाजपा को कितनी चुनौती दे पाती है यह कल सुबह पता लग ही जाएगा।

# पर्यावरण रक्षा के संकल्प के साथ किया पौधरोपण



**कटनी।** पर्यावरण रक्षा का संदेश देने आज वृक्षारोपण का आयोजन मुख्य न्यायाधीश डीजे न्यायालय के आदेश अनुसार केलवारा झुरी झुरी ग्राम जैन गौशाला न्यायालय सचिव दिनेश नौटिया, सृष्टि शर्मा मजिस्ट्रेट जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन, पंचम जैन, दीपक जैन की उपस्थिति में कई तरह के पौधे का रोपण किया गया मुख्य रूप से यहां आम, आंवला, अशोक के पेड़ अमरूद के पेड़ कई तरह की औषधियों के पौधे का रोपण किया गया। जैन समाज द्वारा सभी अतिथि दिनेश नॉर्टिया, मजिस्ट्रेट सृष्टि शर्मा और सभी पीएलबी का जैन भगवान की मूर्ति देकर सभी का सम्मान किया गया। उपस्थिति में पीएलबी श्रीमती प्रीति सेन पीएनबी सचिन जैन, श्री राम नायक, धनंजय त्रिपाठी, मधु सिंह, संतोष विधिक प्राधिकरण से श्रीनिवास पांडे अंकित तिवारी और जैन समाज से जैन समाज के अन्य पदाधिकारी सभी की उपस्थिति रहे

# एक अदद पुरातत्व संग्रहालय भी नसीब नहीं

**कटनी, यशभारत।** बेशकीमती प्राचीन संपदा और धरोहरों से संपन्न जिला पुरातत्व पर्यटन के नक्शे पर अभी तक उभर नहीं सका है। इसकी बड़ी वजह विरासत को अतीत के अंधेरों से वर्तमान के उजाले में चमकाने में उदासीनता रही है। हैरान करने वाली बात है कि कटनी की अति प्राचीन विरासत से देश के पांच बड़े पुरातत्व संग्रहालय (जो कि अलग-अलग राज्यों की राजधानी में है) रोशन है, लेकिन जिले में अब तक एक म्यूजियम आकार नहीं ले सका है। ऐसी कोई जगह विकसित नहीं की गई कि जहां लोग जिले के ऐतिहासिक गौरवकाल से परिचित हो सकें। कलचुरी काल में शिलाओं पर की गई बेजोड़ कारीगिरी के नमूने को नजदीक से निहार सकें। जबकि जिले में चारों ओर पुरातत्व संपदा और प्राचीन विरासत के अवशेष बिखरे हुए हैं। खुदाई में मिली दुर्लभ और बेजोड़ शिल्प वाली प्रतिमाएं पुरातन समृद्ध इतिहास की हकीकत खुद बयां कर रही हैं। कसर रह गई तो सिर्फ सदियों पुरानी संस्कृति के चिन्हों को संजाने और प्राचीन विरासत को सहेजने की। पुरातत्व जानकारों की मानें तो जिले में मिली प्राचीन संपदा को यदि शहर या किसी एक जगह पर संग्रहित कर लिया जाएं तो यह दुर्लभ प्रतिमाओं का देश का सबसे बड़ा संग्रहालय बन जाएगा।



### भोपाल, नागपुर से लेकर विदेशों तक चमक

जिले के पुरातन वैभव की चमक जबलपुर, भोपाल, नागपुर से लेकर विदेशों तक में है। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हैरीटेज (इंटेक) से जुड़े और कटनी निवासी राजेन्द्र सिंह ठाकुर के अनुसार जिले में खुदाई में मिलीं कई प्राचीन प्रतिमाओं को जबलपुर, भोपाल, नागपुर, कोलकाता के पुरातत्व संग्रहालय में सहेजकर रखा गया है। रायपुर के पुरातत्व संग्रहालय की तो शोभा ही कटनी की प्राचीन धरोहरें बढ़ा रही है। छत्तीसगढ़ के इस पुरातत्व संग्रहालय में आधी से ज्यादा प्राचीन प्रतिमाएं कटनी जिले से ले जाकर रखी गई है। जिले की बेशकीमती विरासत का हिस्सा रही बेजोड़ वास्तुशिल्प वाली कुछ दुर्लभ प्रतिमाएं विदेशों तक में चमक बिखेर रही है।

### सहेजने की कवायद में भी सुस्ती

जिले की प्रचुर पुरातन संपदा को सहेजने में जिम्मेदार का रवैया सुस्त है। संभागायुक्त से लेकर एएसआई की मंशा प्राचीन प्रतिमाओं को एक जगह संरक्षित करके रखने के लिए संग्रहालय बनाने की है। इसके लिए बिलहरी क्षेत्र में तहसीलदार को जमीन चिन्हित करने के लिए कहा गया है। लेकिन संभागायुक्त की मंशा के निर्देश के बावजूद संबधित तहसीलदार और अन्य अधिकारी संग्रहालय से संबधित कामकाज को लेकर ढुलमुल रवैया बनाए हुए है। इससे पुरातत्व महत्व की संपदाओं को संरक्षित करके प्रदर्शित करने और पर्यटन सुविधा को विस्तार की कवायद ढीली पड़ गई है

# रक्षाबंधन से ठीक एक दिन पहले मंगल बदलेंगे राशि, 4 राशि वालों पर पड़ेगा बेहद शुभ प्रभाव




**कटनी,यशभारत।** इस बार रक्षाबंधन का त्योहार 11 अगस्त को मनाया जाएगा। इससे ठीक एक दिन पहले यानी 10 अगस्त को मंगल ग्रह का राशि परिवर्तन होगा। मंगल इस दिन मेष राशि से वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष अनुसार मंगल ग्रह किसी भी राशि में 45 दिन तक विराजमान रहता है। ये ग्रह साहस और ऊर्जा का कारक माना जाता है। जानिए मंगल के वृषभ राशि में गोचर से किन राशि वालों की चमक जाएगी किस्मत।

**वृषभ राशि**- इस राशि वालों को करियर में अच्छी तरक्की हासिल होगी। विदेश से जुड़े व्यापार में विशेष लाभ प्राप्त होगा। जो लोग शादीशुदा है उन्हें इस अवधि में अच्छा लाभ प्राप्त होने के आसार रहेंगे।

**कर्क राशि**- कार्यक्षेत्र में आपको हर काम में सफलता प्राप्त होगी और आप अपने करियर में अच्छी ग्रोथ हासिल करने में कामयाब रहेंगे। यदि आप शादीशुदा हैं तो मंगल का गोचर आपके लिए अत्यंत ही लाभकारी साबित होने वाला है। कोई सुखद समाचार सुनने को मिल सकता है।

**वृश्चिक राशि**- जो लोग कोई व्यवसाय कर रहे हैं उन्हें अपार लाभ मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे। करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे।

**मकर राशि**-आपके वेतन में वृद्धि के आसार हैं। इस दौरान आपको कोई सुखद समाचार सुनने को मिल सकता है। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।



### पेट संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही

**कटनी।** मौसम के बदलते ही जिले के गांवों में कई लोग बीमार पड़ रहे हैं। उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत ग्राम पड़रिया खुर्द के लोग आंत्रशोथ की चपेट में आ गए हैं। गांव के एक दर्जन से अधिक लोग इसकी चपेट में हैं जबकि आधा दर्जन की हालत ज्यादा खराब बताई जा रही है। इस बीमारी से एक महिला की मौत हो गई है, जबकि तीन गंभीर मरीजों का इलाज चल रहा है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी पहुंचकर जांच की है। स्वास्थ्य विभाग का दल गुरुवार को भी गांवों का दौरा करने गया था। आशंका है कि मरीज और भी बढ़ सकते हैं।

# भरी बरसात जल संकट से नागरिक परेशान

**कटनी,यशभारत।** भरी बरसात भी शहर में पानी अपना रंग दिखा रहा है, यहां गर्मी के साथ ही पानी की हाहाकार मच गई थी बारिश के बाद जल संकट के खत्म होने की उम्मीद थी लेकिन अभी भी शहर के कई क्षेत्रों में जल संकट गहराने के कारण लोग पीने के पानी के लिए भी मोहताज नजर आ रहे हैं, ऐसे हाल एक दो नहीं बल्कि कई क्षेत्रों में होने से रहवासी काफी परेशान है। कटनी नगर निगम का शहरी क्षेत्र का एक उपनगरीय क्षेत्र-भट्ठा मोहल्ला,के इन वार्डो में विकराल समस्या है। इन वार्डो में नगर निगम द्वारा जल की पूर्ति की जाती है। जो पिछले साल से भी ज्यादा विभत्स रूप ले चुका है इस वर्ष का जल-आकाल नजर आ रहा है। शहर के रामनिवास सिंह वार्ड, बंसरूप वार्ड, फारेस्टर वार्ड, कावसजी वार्ड, विवेकानन्द वार्ड, पाठक वार्ड वेंकट वार्ड राजीवगांधी सावरकर इंदिरागांधी वार्ड सहित करीब डेढ़ दर्जन वार्डों में जल संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा। आपको बताना यह जरूरी है किजल-अकाल इसलिए कहना पड़ रहा है कि जिन घरों में नल कनेक्शन है और बकायदा नल कनेक्शन के बिलों का भुगतान किया जा रहा हो उसके बावजूद उन्हें पर्याप्त नल से जल न मिले तो जल अकाल ही तो हुआ। दरअसल सरकार ने अमृत योजना व नलजल योजना लागू की है, जिसके तहत नलों के कनेक्शन बढ़ाये गए, परन्तु नल के पाइप लाइन को दुरुस्त नहीं किया गया न ही उन पाइप लाइन को अपग्रेड किया गया है। पहले यहां महज 2000 नल कनेक्शन थे, लेकिन अब आबादी के साथ लगातार बढ़ते हुए करीब 25 हजार से अधिक कनेक्शन हो गए हैं, लेकिन पाइप लाइन जैसी की तैसी है।



# विषपान से युवक की मौत

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत एक युवक की जहर पीने से जबलपुर में इलाज दौरान मौत मौत हो गई है। इस संबंध में पुलिस से जानकारी के अनुसार ग्राम कछगवां निवासी 30 वर्षीय नंदू पटेल पिता मिट्ठू पटेल की जहरीली दवा पी लेने से इलाज दौरान मौत हो गई है। पुलिस शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की रही है।

## नीलिमा ❤ से

### रिश्ता दोस्ती का



दोस्ती है रिश्ता दिल से दिल के ज़ज्बात का
अनमोल बंधन में बंधे अनूठे प्यार का

दोस्ती है रिश्ता खूबसूरत अहसास का
मजबूत धागों से बंधे प्रेम और विश्वास का

दोस्ती है रिश्ता सुख और दुख के साथ का
संगीत में जैसे सुर-ताल, सरगम और साज का

दोस्ती है रिश्ता अंधकार में उजाले का
निराशा में आशा के अलौकिक दीप सा

दोस्ती है रिश्ता दिल से निकली पावन दुआओं का
जीवन में फूल और खुशबू की ताजगी सा

दोस्ती है रिश्ता रूठने-मनाने, तकरार की मिठास का
स्नेह, ख्याल, समर्पण, परवाह और निस्वार्थ भाव का !!!



मित्रता दिवस की शुभकामनाएं

- नीलिमा पाठक सामंतरे

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 04 से
दोपहर 12.30, 2.45 एवं सायं 7 बजे से




एक विलेन रिटर्न्स
कलाकार- जॉन अब्राहम, अर्जुन कपूर, दिशा पटानी, तारा सुतारिया आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 05 से
दोपहर 1, 4 एवं रात्रि 10 बजे से




रामा राव
कलाकार- रवि तेजा, दिव्यांशु कौशिक, नस्सर, पृथ्वीराज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 04 से
सायं 5.15, 7.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से




बुलेट ट्रेन
कलाकार- ब्रैड पिट, जोय किंग, माईकल शेनन, सेन्ड्रा बुलोक आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

# पीयूष अग्रवाल निर्विरोध बने बरही के अध्यक्ष

## कैमोर और विजयराघवगढ़ के बाद बरही में भी लहराया भाजपा का परचम,6 पार्षद जीतने के बाद भी कांग्रेस से किसी ने दाखिल नहीं किया परचा

**कटनी/बरही, यशभारत।** नगर परिषद बरही में पीयूष अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हो गए। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुई निर्वाचन प्रक्रिया में कांग्रेस का कोई भी उम्मीदवार फार्म दाखिल करने की हिम्मत नहीं जुटा पाया, जिसके बाद पीयूष अग्रवाल को निर्विरोध रूप से नगर परिषद बरही का अध्यक्ष चुन लिया गया। क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की राजनीतिक कूटनीति के कैमोर औ विजयराघवगढ़ में भी भाजपा का परचम लहराया। कांग्रेस के पास 6 पार्षद होने के बाद भी एक भी पार्षद अध्यक्ष की दावेदारी करने में नाकाम रहे, जबकि सुबह से ही कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष गुमान सिंह, पद्मा शुक्ला, नीरज सिंह बघेल सहित तमाम नेता नगर परिषद के सामने डटे रहे लेकिन विधायक संजय पाठक की कुशल रणनीति के सामने कांग्रेस पस्त हो गई। अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने के उपरांत उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई।





### पीयूष एवं पंडा को लेकर पहुंचे विधायक संजय पाठक

क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक आज सुबह पीयूष अग्रवाल, सुरेश सोनी पंडा, इकवाल पबार को लेकर कार से नगर परिषद की दहलीज तक सुबह साढ़े 11 बजे पहुंचे। पीयूष अग्रवाल एवं सुरेश सोनी विधायक श्री पाठक का आशीर्वाद लेकर नगर परिषद कार्यालय के अंदर दाखिल हुए।

### जीत के जश्न में डूबी भाजपा, कांग्रेस में पसरा सन्नाटा

कैमोर, विजयराघवगढ़ के बाद बरही में भी भाजपा की नगर सरकार बनने से भाजपा खेमे में जहां जीत का जश्न मनाया जा रहा था, तो वही कांग्रेस के खेमे में सन्नाटा छा गया। कांग्रेस के 6 पार्षद होने के बाद भी कांग्रेस के कद्दावर नेताओ को बरही से उल्टे पांव लौटना पड़ा।

### छावनी में तब्दील रहा नगर परिषद



गहमागहमी के बीच नगर परिषद बरही में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था के माकूल इंतजाम के लिए जिले के 5 थाना के टीआई अपने पूरे अमले के साथ मुस्तैद रहा, वहीं पुलिस लाइन से भी बल भेजा गया था। जबलपुर से स्पेशल बल बुलाया गया था। नगर परिषद छावनी में तब्दील नजर आया।

# जमीनी विवाद पर दो पक्षों में हुई मारपीट

## पुलिस ने किया काउंटर मामला दर्ज

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत इमलिया रोड स्थित गांधी मार्केट की जमीन पर मालिकाना हक को लेकर दो पक्षों के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को एक बार फिर दोनों पक्षों में जमीन के इस टुकड़े को लेकर हाथापाई हुई। मौके पर मारपीट करने के बाद दोनों पक्ष शिकायत लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों की अलग-अलग शिकायत पर संबंधित धाराओं के तहत काउंटर मामला दर्ज किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गांधी मार्केट स्थित एक जमीन के टुकड़े में मालिकाना हक की लड़ाई माधवनगर के सहजवानी व मोटवानी परिवार के बीच चल रही है। बताया जाता है कि इस जमीन के टुकड़े को लेकर दोनों परिवारों के बीच कई बार झगड़ा हो चुका है। वहीं बीती शनिवार की शाम एक बार फिर दोनों परिवारों सदस्य इसी विवाद को लेकर आपस में झगड़ पड़े। दोनों पक्षों में जमकर हाथापाई हुई। मारपीट करने के बाद दोनों पक्ष शिकायत लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने न्यू एसीसी कालोनी निवासी 52 वर्षीय ज्ञान सहजवानी पिता सेवाराम सहजवानी की शिकायत पर सुशील मोटवानी, नवीन मोटवानी सहित उनके दो साथियों के विरूद्ध धारा 294, 323, 506, 34 तथा खैबर लाइन निवासी 32 वर्षीय नवीन पिता चंद्र कुमार मोटवानी की शिकायत पर ज्ञान सहजवानी, यश सहजवानी सहित उनके दो साथियों पर धारा 294, 323, 506, 427, 34 के तहत काउंटर मामला दर्ज कर लिया है।


**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

**पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें**
Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**प्लाट बिकाऊ हैं**

राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें.
मो. 9993705740

a Sainik Conduct Disciplined Degree College Time : 10:30 to 12:30 Only
B.Ed. D.Pharma LL.B. BBA
SILICOBYTE सिलिकोबाइट
KDC Katni Degree College (Group of Education)
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी. 9981435977

JOHNSON® Not just tiles, Lifestyles.




सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking




City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव
हर घर तिरंगा 13-15 अगस्त 2022



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

**अभूतपूर्व विस्तार...**
**सबके लिए, सब जगह**
**सम्पूर्ण कायाकल्प अभियान**

शासकीय अस्पतालों में इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार का अभियान
अत्यावश्यक दवाओं की उपलब्धता

- अब शहरों से लेकर ग्रामीण स्तर तक अधिक संख्या में रोगियों को गुणवत्तापूर्ण आवश्यक दवाएं उपलब्ध।
- शासकीय अस्पतालों में गंभीर बीमारियों की दवाइयां उपलब्ध होने से इलाज पर खर्च में कमी आएगी।
- नये दवा समूहों में एन्टीमाइग्रेन, एन्टीकैन्सर, डायलिसिस सॉल्यूशन, नवजात शिशु देखभाल, एन्टीहॉरमोनल, मसल रिलेक्सेंट, नाक-कान-गला, डिमेंशिया तथा दंत चिकित्सा के औषधी समूह उपलब्ध।





D-11070/22

**आपकी सेहत, हमारा संकल्प**
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2022



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# ग्रामीण पूछ रहे-कब लगेगा नया ट्रांसफार्मर

## 20 दिनों से अंधेरे में जीवन यापन कर रहे ग्रामीण, पेयजल संकट गहराया, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

**कटनी, यशभारत।** लोड बढ़ने के साथ ही ट्रांसफार्मर जलने और खराब होने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। आलम यह है कि सूचना मिलने के बाद विद्युत विभाग द्वारा खराब हो गए ट्रांसफार्मर को बदला नहीं जा रहा है। ताजा मामला जिला मुख्यालय से लगे ग्राम मझमवां एवं जोबीखुर्द का सामने आया है, जहां पिछले 20 दिनों से ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों को शिकायत दिए जाने के बाद भी अब तक ट्रांसफार्मर नहीं सुधारा गया है। ग्रामीणों ने मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को दी गई शिकायत में बताया कि ग्राम मझमवां एवं जोबीखुर्द में करीब 20 दिन पहले लोड बढ़ने की वजह से ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिससे पूरे गांव की बिजली विगत 15 से 20 दिन से ठप्प है। गांव की लाईट बंद होने से यहां रहने वाले लोगों को अंधेरे में गुजारा करना पड़ना रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि दो गांव के बीच में पर्याप्त क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाया जाना चाहिए लेकिन कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर की वजह से लोड बढ़ते ही पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप्प हो जाती है। जिससे पूरा गांव परेशान हो गया है।

**विद्युत विभाग नहीं दे रहा ध्यान, ज्यादा क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग**

### ग्रामीणों ने की नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग



क्षेत्र के निवासी अजय कुशवाहा, सुशील बर्मन, मनोज बर्मन, दीपक बर्मन, अशोक बर्मन, गोलू मिश्रा, विनोद कोल, राजेन्द्र कोल, प्रदीप कुमार, राजेन्द्र पटेल, रामखिलावन पटेल, शंकर बर्मन, पिंकी कुशवाहा, भगवानदास पटेल, राम सुजान पटेल, राजेश कुमार कोल, संतोष कुमार तिवारी, कमला कोल, लखन पटेल, रामकरण कोल, अन्जू पांडे, महन्द्र तोमर, शिवलाल कोल आदि ग्रामीणों ने कलेक्टर का ध्यान इस ओर दिलाते हुए जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगवाए जाने की मांग की है।

### पानी के लिए मचा हाहाकार

बिजली आपूर्ति बंद होने की वजह से नल जल योजना भी ठप्प हो गई है। बिजली के अभाव में गांव में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही। जिससे पूरे गांव में पेयजल संकट व्याप्त है। ग्रामीणों को हैंडपंप के पानी से अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है लेकिन बरसात की वजह से हैंडपंप का पानी भी दूषित हो रहा है और इससे गांव में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

### बीमारियां फैलने का खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को शिकायत भी गई लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं किया गया है। बिजली के अभाव में ग्रामीणों को कई तरह की परेशानी हो रही है। गर्मी और उमस से उनका बुरा हाल है। मच्छर पूरी रात सोने नहीं देते। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

### ताजियों का निर्माण अंतिम दौर पर



9 अगस्त को मोहर्रम पर्व मनाया जाएगा। इस समय मुस्लिम धर्मावलंबी ताजियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। आज अली गोल का जुलूस निकलेगा। कल शहादत की रात है। इसके पहले बीती रात सवारियों ने शहर में गश्त की।

## रीठी में जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने ली शपथ



**कटनी/रीठी, यशभारत।** जनपद पंचायत रीठी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मेलन व शपथ ग्रहण समारोह 6 अगस्त को जनपद पंचायत परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रणय पांडे भी उपस्थित रहे। रीठी तहसीलदार विजय द्विवेदी ने सभी को पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विधायक प्रणय पांडे ने संबोधित किया। इस अवसर पर रीठी जनपद अध्यक्ष अर्पित अवस्थी ने कहा कि जिन अपेक्षाओं से जनता व प्रतिनिधियों ने मुझे इस पद तक पहुंचाया है, उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने का मेरा प्रयास सदैव रहेगा। शपथ ग्रहण एवं प्रथम सम्मेलन में क्षेत्रीयजनों की उपस्थिति रही। मंच का संचालन पंडित जयप्रकाश अवस्थी द्वारा किया गया।





## गौशाला परिसर में रोपे फलदार पौधे

**कटनी, यशभारत।** दयोदय पशुसेवा केन्द्र स्थित गौशाला परिसर बॉउंड्रीवाल के अंदर चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में हरियाली महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण किय गया। इस अवसर पर जिला विधिक अधिकारी कटनी के श्री नोटिया ने सभी सहयोगियों के साथ जैन पंचायत कटनी के अध्यक्ष संजय जैन सहित पंचम जैन, अजित सिंघई, डॉ संदीप जैन, विन्नी भाई, राजू जैन, दीपू जैन, शैलेश, मिट्‌ठूलाल जैन सहित अनेक जनो की उपस्थिति में 20 वृक्ष रोपित किये गए। इस अवसर पर जैन पंचायत द्वारा सभी आगन्तुकों का आचार्य श्री का चित्र भेंट कर सम्मान भी किया गया।

## श्रीमद्‌भागवत कथा का कल से होगा भव्य शुभारम्भ

### तैयारियां पूर्ण, ढोल-नगाड़ों के साथ निकलेगी कलश यात्रा, डॉ अनिल शास्त्री के मुखारविंद से होगा कथा का वाचन



**कटनी, यशभारत।** पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री की असीम कृपा से स्व. पुरुषोत्तम लाल गुप्ता की पुण्यतिथि पर लखेरा स्थित गुप्ता निवास में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, श्रीमद्‌भागवत कथा का भव्य शुभारम्भ कल 8 अगस्त को ढोल नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कथा में महिलाओं के सिर पर कलश होंगे व बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल होंगे। कलश यात्रा खेरमाई मंदिर से प्रारंभ होकर वार्ड भ्रमण करते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी, जिसका ड्रोन द्वारा आकाश से जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया जाएगा। कथा हेतु वाटरप्रूफ पंडाल लगाया गया है। गुप्ता परिवार की ओर से हजारों की संख्या में आये भक्तों के वाहन पार्किंग की व्यवस्था हेतु पार्किंग स्थल निर्धारित किये है, जहां वाहन पार्क कर सकते है। प्रवेश व निकास द्वार पर पर्याप्त संख्या में वालेंटियर की व्यवस्था की गई है तथा पुरूष व महिला के लिए अलग-अलग बैठक व्यवस्था की जाएगी। कथा में आने वाले मुख्य, विशिष्ट अतिथियों हेतु बैठने हेतु विशेष व्यवस्था की गई है व भीड़ को नियंत्रित करने हेतु कार्यकर्ता लगाये जाएंगे, इसके साथ ही कथा में आए हुए भक्तों हेतु महिला व पुरूषों के लिए सुलभ कॉप्लेक्स की सुविधा भी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः 8 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण दोपहर 12 बजे महारुद्राभिषेक एवं शाम 4 बजे डॉ अनिल शास्त्री द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। गुप्ता परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## बच्चों को बांटे यूनीफार्म, बॉटल और लंच बॉक्स



कटनी, यशभारत। दिगंबर जैन शिक्षा संस्था द्वारा कल 6 अगस्त संस्था के समस्त स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को सीए अशोक जैन द्वारा यूनीफार्म, बॉटल और लंच बॉक्स एवं शिक्षा संस्था की मातृ संस्था द्वारा बच्चों को कॉपी, किताबें वितरित की गई। जैन शिक्षा संस्था के सभी पदाधिकारियों ने सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।



## मंडी रोड में शिवलिंग निर्माण, भंडारे में श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

**कटनी, यशभारत।** पवित्र श्रावण माह के के अवसर पर गुप्ता परिवार द्वारा कृषि मंडी उपज रोड पहरुआ स्थित निवास पर 21 हजार महामृत्युंजय जाप एवं शिवलिंग निर्माण का आयोजन 3 अगस्त से 6 अगस्त तक किया गया। जिसमे प्रतिदिन सुबह सुबह 9 बजे से 11 बजे तक श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग का निर्माण करते हुए पुण्यलाभ अर्जित किया गया। कार्यक्रम समापन के अवसर पर आज 7 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्रीमती कांति गुप्ता, चन्द्रभान गुप्ता, श्रीमती रंजीता गुप्ता, नीरज गुप्ता, श्रीमती नेहा गुप्ता, नवनीत गुप्ता सहित गुप्ता परिवार के सदस्यों की मौजूदगी रही।

## उमरियापान के सुभाष चौरसिया का इलाज के दौरान निधन

**उमरियापान, यशभारत।** नगर के हरभजन मेडिकल स्टोर्स के संचालक 63 वर्षीय सुभाष भैयाजी चौरसिया का जबलपुर में इलाज के दौरान कल शनिवार की सुबह 6 बजे के करीब दु:खद निधन हो गया। सुभाष चौरसिया, प्रकाशचंद बबलू चौरसिया के बडे भाई एवं शुशांक शैंकी, सोमू चौरसिया के पिता थे। जानकारी के अनुसार उमरियापान के मुख्य मार्केट झंडा चौक में मेडिकल स्टोर्स का संचालक करने वाले सुभाष चौरसिया का 27 जुलाई की रात 9 बजे के करीब अचानक पेट में अधिक सूजन आने के कारण स्वास्थ्य खराब होने पर परिजन तत्काल जबलपुर की भंडारी हॉस्पितिल लेकर पहुंचे थे। शनिवार की सुबह इलाज के दौरान ह्रदय गति रुकने से मौत हो गई। निज निवास से अंतिम यात्रा निकली। मुक्तिधाम में बड़े गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।



### महावीर विकलांग पुर्नस्थापन केन्द्र में विकलांग शिविर 9 को

**कटनी, यशभारत।** शासकीय जिला चिकित्सालय स्थित श्री महावीर विकलांग पुर्नस्थापन केन्द्र द्वारा 9 अगस्त मंगलवार को प्रातः 10 बजे से निःशुल्क विकलांग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के कोषाध्यक्ष अनिल कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 23 वर्षों से केन्द्र में हल्के वजन वाले केनिपर्स लगाने के साथ कोटा राजस्थान से आए कुशल कारीकरों द्वारा पैरों की मरम्मत निःशुल्क की जाती है। जैन समाज एवं महावीर विकलांग पुर्नस्थापन केन्द्र ने शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### साईं मंदिर रीठी में शिवलिंग निर्माण, अभिषेक एवं भंडारा कल

कटनी। श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर राजीव गांधी कॉलेज रीठी श्री साईं सिद्ध मंदिर कैंपस में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, अभिषेक, पूजन अर्चन एवं विशाल भंडारे का आयोजन कल 8 अगस्त सुबह 10 बजे से किया गया है। कार्यक्रम आयोजक प्राचार्य डॉ सुरेंद्र राजपूत एवं उप प्राचार्य डॉ मनोज खरे ने बताया कि सुबह 10 बजे से श्रद्धालुओं द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा। 12 बजे से निर्मित शिवलिंग का दूध, दही, शहदए शक्कर, घी एवं अन्य पूजन सामग्री से अभिषेक किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पार्थिव शिवलिंग का पवित्र तालाब में विसर्जन किया जाएगा एवं इसके उपरांत दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से इस कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow
From 29th July 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

### कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश

E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

कमांक/1756/खनिज/उ0प0/ 2022, //सूचना// कटनी, दिनांक 26/07/2022

( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेंसर्स जेमिनी माईन्स एण्ड मिनरल्स एलएलपी भागीदार- श्री ब्रज वल्लभ कटल, वार्ड नंबर-17 दुबे कालोनी, सोमनाथ मंदिर के सामने,कटनी (म0प्र0) के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 07.07.2022 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | आवेदित रकबा ( हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | बड़वारा | बछौली | 420/2 | 0.62 | निजी एवं अन्य भूमिस्वामी की भूमि | डोलोमाईट | |
| | | | 420/1/2 | 0.51 | | | |
| | | | 422/1 | 0.90 | | | |
| | | भगनवारा | 208 | 1.29 | | | |
| | | | 209 | 1.70 | | | |
| | | | 212 | 1.67 | | | |
| | | | 213/2 | 0.58 | | | |
| | | | 214 | 0.26 | | | |
| | | | 215 | 0.26 | | | |
| योग- | | | | 7.79 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-कटनी म.प्र.

G-15063/22

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री ,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी

पत्र क्र./1290/ लेखा निविदा/ग्रायासे. 2022 कटनी दिनांक 28/07/2022

**संक्षिप्त निविदा आंमत्रण क्रमांक 06/2022**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी के निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर दो लिफाफा पद्धति से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एस. ओ. आर. दिनांक 04.01.2019 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधन) आंतरिक वाटर सप्लाई एवं सेनेटरी फिटिंग ,विद्युतिकरण कार्य लोक निर्माण विभाग के जारी एस.ओ.आर. दिनांक 01.12.2020 से प्रभावशील दर अनुसूचि (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) ऑन लाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http ://mptenders.gov.in पर देखा जा सकती है निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा।

विवरण निम्नानुसार हैं-

| क्र. | सिस्टम टेंडर न. | कार्य का नाम | विकासखंड का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी.) | अमानत राशि | निविदा का प्रपत्र की राशि | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी (केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत ) | आमंत्रण का क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | 2022_RES_213828 | कार्यालय जिला पंचायत कटनी के प्रथम तल के मिटिंग/प्रशिक्षण कक्ष का रेनोवेशन कार्य | कटनी | 204714 | 4094 | 2000 | 30 दिन | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | प्रथम काल |
| 2. | 2022_RES_213826 | कार्यालय जिला पंचायत कटनी के प्रथम तल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | कटनी | 564980 | 11299 | 2000 | 60 दिन | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | प्रथम काल |

निविदा संबंधी तिथिया (Key Date):-

1. Publishing Date- Online 08.08.2022 (11. 00 AM)
2. Document Download/Sale Start Date 08.08.2022 (11. 00 AM)
3. Bid Submission Start Date 08.08.2022 (11. 00 AM)
4. Bid Submission Closing Date 16.08.2022 (05. 30 PM)
5. Bid Opening Date 18.08.2022 (11. 00 AM)
6. FinancialBidopen(Envelope-C) 19.05.2022 (11. 00 AM)

नोट :- Envelope- A -
1.केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकरण 2. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति 3. पेन कार्ड की छायाप्रति 4.शपथ पत्र 5. परिशिष्ट H 6. अमानत राशि की जमा रसीद समस्त दस्तावेज स्वप्रमाणित अपलोड करना होगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कटनी

G-15147/22



# स्किन केयर के लिए वरदान है दूध

## त्वचा में चमक के लिए इस तरह बनाएं फेस पैक



**हेल्थ के साथ ही दूध स्किन के लिए भी खूब ज्यादा फायदेमंद होता है। रंगत निखारने से चमक बढ़ाने तक में दूध काफी अच्छा साबित होता है। ग्लो बढ़ाने के लिए आप दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते है। दूध का इस्तेमाल स्किन पर करने से कई तरह के फायदे मिलते हैं। स्किन को डीप क्लीन करने के लिए भी कुछ लोग कच्चे दूध का इस्तेमाल करते हैं।**

त्वचा को साफ करने के लिए या फेस मास्क की तरह दूध का इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसा करने से मुंहासों का इलाज करने में मदद मिल सकती है। यहां आप अलग-अलग तरह के दूध से बने फेस पैक बनाने का तरीका सीख सकते हैं।

### दूध से कैसे बनाएं फेस पैक

1) दूध और पपीता- स्किन पिग्मेंटेशन से छुटकारा पाने के लिए आप इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए कच्चा पपीता और दूध लें और दोनों को अच्छे से मिक्स करें। फिर चेहरे को साफ करें और फिर स्टीम लें। अब इस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं। 20 से 25 मिनट के लिए अप्लाई करें और फिर ठंडे पानी से धोएं।2) गुलाब की पत्तियां और दूध-स्किन ग्लो को बढ़ाने के लिए ये फेस पैक काम आ सकता है। इसके लिए दूध रो गर्म करें और फिर गुलाब की पत्तियों को धोएं और इसमें डाल दें। कुछ देर के लिए आंच पर ही रहने दें और फिर इन गुलाब की पत्तियों को चम्मच से दूध में ही तोड़ दें। कुछ देर के लिए रखें और ठंडा होने दें। फिर इसे फ्रिज में रखें और 2 से 3 घंटे बाद इसे साफ चेहरे पर अप्लाई करें।

3) केसर और दूध- दोनों ही चीजें स्किन के लिए बेहतरीन हैं। इसके लिए केसर के कुछ रेशों को दो बड़े चम्मच दूध में कुछ घंटों के लिए भिगो दें। फिर इसमें एक कॉटन बॉल भिगोएं और इसे अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। कुछ मिनट के लिए छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से धो लें।4) गुलाबजल और दूध- स्किन को मॉइश्चराइज और हाइड्रेट करने के लिए इस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए एक बड़ा चम्मच दूध और एक बड़ा चम्मच गुलाब जल एक साथ मिलाएं और रूई की मदद से इसे अपने चेहरे पर लगाएं। इसे 5-8 मिनट तक लगा रहने दें और ठंडे पानी से धो लें।

5) नींबू, हल्दी, और दूध- स्किन टाइटनिंग के लिए इस फेस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए एक बाउल में एक बड़ा चम्मच दूध, आधा चम्मच नींबू का रस और एक चुटकी हल्दी पाउडर डालकर अच्छी तरह मिला लें। फिर इस पैक को अपने चेहरे पर सर्कुलर मोशन में लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें बाद में ठंडे पानी से धो लें। 6) दूध और मुल्तानी मिट्टी- ऑयली स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी को काफी अच्छा माना जाता है। स्किन टाइट करने के लिए भी ये अच्छी होती है। इसका इस्तेमाल करने के लिए दो बड़े चम्मच मुल्तानी मिट्टी में 4 बड़े चम्मच ताजा गाढ़ा दूध मिलाएं और इसे अपने पूरे चेहरे पर अच्छे से लगाएं, इसे सूखने के बाद धो लें। अच्छे रिजल्ट के लिए आप इस फेस पैक को हफ्ते में तीन बार इस्तेमाल कर सकते हैं।7) अंडा और दूध- डेड स्किन और रिंकल्स हटाने के लिए इन दोनों चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। आप इन दोनों चीजों को मिलाकर चिकना पेस्ट तैयार करें और फिर धीरे से अपने चेहरे पर एक लेयर लगाएं।

## फ्रेंडशिप डे पर दोस्तों संग एन्जॉय करें ये 10 फिल्में

# सुशांत सिंह राजपूत की छिछोरे बिना अधूरी है लिस्ट

**यूनाइटिड नेशन्स ने इस साल 30 जुलाई को इंटरनेशनल फ्रेंडशिप डे का ऐलान किया था, लेकिन हमारे यहां अगस्त के पहले रविवार को ही फ्रेंडशिप डे मनाया जाएगा। ऐसे में आज (7 अगस्त) की धूम देखने को मिलेगी और हर कोई अपने खास दोस्तों को अपने अपने अंदाज में विश करेगा और बताएगा कि वो उनके लिए कितना मायने रखता है। बॉलीवुड में हर रिश्ते- नाते और त्योहार के लिए कुछ न कुछ देखने को मिलता है, तो ऐसे में दोस्ती कैसे दूर रह सकती है। ऐसी कई बॉलीवुड फिल्में हैं, जहां दोस्ती को काफी खास अंदाज में दिखाया गया है और आज के खास दिन पर आपको हम ऐसी ही 10 धमाकेदार फिल्मों के बारे में बताएंगे, जिन्हें आप दोस्तों संग एन्जॉय कर सकते हैं।**

जिंदगी ना मिलेगी दोबारा- जिंदगी ना मिलेगी दोबारा में ऋतिक रोशन, अभय देओल और फरहान अख्तर लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म में जिंदगी के बदलते पहलुओं के बाद भी दोस्ती को दिखाया गया था। फिल्म में ऐसे कई मूमेंट्स थे, जिनको बतौर दर्शक आप तेजी से कनेक्ट कर पाएंगे। फिल्म के गाने और कई डायलॉग्स भी सुपरहिट हुए थे। फिल्म में शादी और लव लाइफ पर भी रोशनी डाली गई थी।3 इडियट्स- राजकुमार हिरानी ने बॉलीवुड को कई हिट फिल्में दी हैं, जिन में से एक 3 इडियट्स भी है। 3 इडियट्स को दर्शकों और क्रिटिक्स ने खूब पसंद किया था। आमिर खान, आर माधवन और शरमन जोशी की दोस्ती बयां करती ये फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ताबड़तोड़ कमाई की थी। आज भी लोगों की जुबां पर रैंचो, राजू और फरहान का नाम रहता है। फिल्म के सॉन्ग च्जाने नहीं देंगे तुझेज् को सुनकर आंसू रोकना मुश्किल हो जाता है। छिछोरे- कॉलेज लाइफ के समस्याएं, असल जिंदगी के लिए आपको कैसे तैयार करती हैं, ये बात फिल्म छिछोरे बखूबी दिखाती है। ताहिर राज भसीन, वरुण शर्मा, श्रद्धा कपूर और दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत स्टारर इस फिल्म में दोस्ती को एक काफी अलग अंदाज में दिखाया गया था। फिल्म के गाने भी सुपरहिट हुए थे। इस फिल्म को देखकर आप भी कह देंगे- च्वो दिन भी क्या दिन थे। फुकरे- फिल्म फुकरे एक एवरग्रीन कॉमेडी फिल्म है, जिस में अली फजल, ऋचा चड्ढा, पंकज त्रिपाठी, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह और पुलकित सम्राट मेन लीड में थे। फिल्म में चूचा बने वरुण शर्मा ने दर्शकों को हंसा हंसा कर लोट पोट कर दिया था। ये दोस्त परफेक्ट तो नहीं थे, लेकिन ऐसे दोस्तों के बिना जिंदगी अधूरी है। इस फिल्म के बाद चूचा की फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी हो गई थी।दिल चाहता है- च्दिल चाहता है, हम न रहें कभी यारों के बिन...ज्, इस गाने को आज भी लोग गुनगुनाते हैं। आमिर खान, अक्षय खन्ना और सैफ अली खान की इस बेहतरीन फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। फिल्म में दिखाया गया था कि अगर युवा कुछ करने की ठान ले तो कुछ भी नामुमकिन नहीं है। फिल्म के गाने भी हिट साबित हुए थे।वीरे दी वेडिंग- अधिकतर फिल्मों में लड़कों की दोस्ती को ही दिखाया गया है और इस मामले में वीरे दी वेडिंग एक अलग फिल्म साबित होती है। करीना कपूर,स्वरा भास्कर, सोनम कपूर और शिखा स्टारर इस फिल्म को दर्शकों से मिक्स रिस्पॉन्स मिला था, हालांकि लड़कियों ने खास तौर पर इस फिल्म को पसंद किया था।शोले- ये कहना बिलकुल भी गलत नहीं होगा कि शोले के बिना हिंदी सिनेमा को अधूरा कहा जा सकता है। शोले, बॉलीवुड की एक कल्ट क्लासिक फिल्म है, जिसमें आपको उस वक्त के मुताबिक काफी कुछ अलग और नया देखने को मिला था। जय और वीरू बने अमिताभ और धर्मेंद्र की दोस्ती तो मिसाल बन गई थी और आज भी अक्सर अच्छे दोस्तों को जय- वीरू कह दिया जाता है।जाने तू या जाने ना- इमरान खान और जेनेलिया डिसूजा की फिल्म जाने तू या जाने ना एक तरह से काफी क्यूट फिल्म थी। फिल्म में टीनएजर्स की दोस्ती और प्यार को दिखाया गया था। फिल्म में काफी कुछ ऐसा था, जो बतौर दर्शक आपको बांधे रखता है। फिल्म को रिलीज के वक्त बड़े स्टार्स न होने की वजह से बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स नहीं था, लेकिन धीरे धीरे फिल्म को अच्छी माउथ पब्लिसिटी मिली थी।कुछ कुछ होता है- च्प्यार दोस्ती है, अगर वो आपकी अच्छी दोस्त नहीं हो सकती....ज्, फिल्म कुछ कुछ होता है का ये डायलॉग तो आपको याद ही होगा। फिल्म में एक ओर जहां दिल को छू जाने वाली लव स्टोरी दिखाई गई थो दूसरी ओर दोस्ती को भी बखूबी दिखाया गया था। शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी की इस फिल्म के गाने भी सुपरहिट साबित हुए थे।ये जवानी है दीवानी- रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, आदित्य रॉय कपूर और कल्कि केकलां की फिल्म ये जवानी है दीवानी में चार दोस्तों की कहानी को दिखाया गया था, जिनकी जिंदगी अलग है और दूर होने के बाद भी वो कैसे जुड़ते हैं।



# आपका राशिफल 08 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## फिल्म वर्ग पहेली - 5893



**बायें से दायें:-**
१. सलमान, आयशा की 'बैठा नीली झील किनारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
६. जीतेंद्र, रीना, रामेश्वरी की 'तूने मुझे बुलाया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जब भी ये दिल उदास' गीत वाली राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली आशा पारेख, सुनील दत्त की फिल्म-२
९. फिल्म 'कसक' की नायिका कौन थी-३
१२. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, परवीन की 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
१८. हिंदी फिल्मों का पहला 'ही-मैन' किसे कहा जाता है-४
२०. 'छुपा रूस्तम' में नायिका कौन -२
२१. फिल्म 'अंत' में नायिका कौन थी-२
२२. अजय देवगन, ट्विंकल की 'मेरे सीने में तेरा' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' गीत वाली फिल्म-२
२४.'चाइना टाउन' के संगीतकार कौन-२
२६. 'कभी खुशी कभी गम' में अमिताभ की पत्नी की भूमिका किसने की है-२
२७. 'फूल और काँटे' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२८. 'नी मैं यार मनाना नी' गीत वाली राजेश, राखी, शर्मिला की फिल्म-२
३०. राजकुमार, राजेश, माला की 'गुस्सा इतना हसीन' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'मनोरंजन' में शम्मी व संजीव कुमार के साथ नायिका कौन थी-३
३४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**
१. फिरोज खान, जीनत की 'हम तुम्हें चाहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कभी-कभी' में ऋषि की नायिका -३
४. 'बंदिश' में जैकी की नायिका-२
५. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ऐसे मिली निगाहें' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१०. 'मोहे छेड़ो ना' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
१३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'मय से मीना से ना' गीतवाली फिल्म-४
१५. 'कसम से तेरी आँखें' गीतवाली फिल्म-४
१६. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१८. अमिताभ, विनोद, सायरा की 'तुम भी चलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'फूल माँगू ना बहार' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
२३. 'उधर से जो तुमको मिले फुरसत' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'देखो देखो जी, ये है मेरी' गीत वाली जीतेंद्र, लीना की फिल्म-३
२७ रंजन, चित्रा, जयश्री की 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली फिल्म-३
२९.'तदबीर से बिगड़ी हुई' गीतवाली फिल्म-२
३१. गोविंदा, जूही की 'आ जाना जरा' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीतवाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 5892**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## घरेलू नुस्खे

# मानसून में बरसाती कीड़ों ने कर दिया है परेशान

## छुटकारा देंगे ये घरेलू नुस्खे

**बरसात के मौसम में अकसर घरों में रेंगने वाले कीड़े-मकोड़े नजर आने लगते हैं। इतना ही नहीं इस मौसम में घरों में मच्छर, मक्खी ,चींटियों और कॉकरोज का आतंक भी काफी बढ़ जाता है। जो आगे चलकर कई बीमारियों की वजह बनने लगते हैं। ऐसे में इन बरसाती कीड़ों से निजात पाने के लिए आप घर बैठे ही कुछ आसान नुक्खे अपना सकते हैं।**

बरसाती कीड़ों से निजात दिलाएंगे ये उपाय-

### पोंछे में फिनायल की जगह डालें सिरका-

पोंछे के पानी में सिरका मिलाने से फर्श में चमक आने के साथ चींटियों और मकड़ियों से निजात भी मिल जाती है। पोंछे के पानी में इसके अलावा आप नीम की पत्तियां भी पीसकर मिला सकती हैं। फिटकरी, नीबू का रस और कपूर भी कारगर उपाय हो सकते हैं।

### कपूर का इस्तेमाल-

बरसात के मौसम में घर में आने वाले कीड़े-मकोड़े से निजात पाने के लिए कपूर का घरेलू उपाय बेहद कारगर है। इसके लिए आप एक से दो कपूर जलाकर घर के किसी हिस्से में रख लीजिए। इसके अलावा आप इसके तेल में रूई भिगोकर दीवार या लाइट जलने वाली जगह के करीब रख दीजिए। इसकी तेज महक के कारण कीड़े-मकोड़े भाग खड़े होते हैं।

### फूलों की महक भी है दमदार उपाय-

आपके गमले में लगा गेंदा दूसरे पौधों के लिए भी गार्ड का काम करता है। गेंदा अन्य पौधों को कीड़ों से बचाने के अलावा मच्छरों को भी दूर रखता है। इसके अलावा मच्छर हो या मक्खी दोनों को ही लैवेंडर की महक पसंद नहीं होती है। पिटूनिया नाम का फूल टिड्डे भगाता है, गुलदाउदी से आपको चींटियां, कॉकरोच, घुन जैसे कीटाणुओं से निजात पा सकते हैं।

### वैसलीन का नुस्खा-

घर के जिस कोने में चींटियां बहुत ज्यादा आती हैं, वहां पर वैसलीन लगा दें या बेबी पाउडर छिड़क दें। पिपरमिंट ऑयल से मकड़ी जैसे कई कीड़े दूर रहते हैं। घर में गूगल या लुबान से धुआं करें। हर तरह के कीड़े-मकोड़ों से छुटकारा मिलेगा।

## सूडोकु नवताल- 6409

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6408 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |




## विचार प्रवाह

अच्छी आदत डालने में दम निकल जाता है और गलत आदत खेल-खेल में पड़ जाती है। ऐसा क्यों ?अच्छी आदत यदि पर्वत है तो गलत आदत ढलान है। चढ़ना सरलता से नहीं होता। जबकि ढलान में कोई तकलीफ नहीं होती। अच्छी आदत डालना कठिन भले ही हो परंतु उसके साथ जीना आनंददायक है। जबकि बुरी आदत डालना भले ही सरल हो परंतु उसके साथ जीना पीड़ादायक है।।

-मुनिश्री तरुण सागर

## शब्द पहेली - 7449



**बाएँ से दाएँ**
1.दर्द से निकली कराह-2
2.ओट,चिलमन-3
4.जरा,थोड़ा-2
6.कपड़े की दीवार-3
7.निर्माण-3
8.झगड़ा,अनबन-3
9.गहन-3
10.लाज,लज्जा-3
11.रनिवास-3
13.500 कागजों की गड्डी-2
14.विश्राम,राहत-3
15.थोड़ा-2
16.एक कीमती लकड़ी-3
17.कैनाल,उपनदी-3
18.बूंद-3
19.मृत्युंजय-3
20.मेघ,बदरा-3
21.सम्राट,राजा-3
23.संपत्ति-2
24.विष,गरल-3
25.औषधि-2

**ऊपर से नीचे**
1.अग्नि,अनल-2
2.आश्रय,शरण-2
3.लीन,मगन-2
4.कूड़ा-कर्कट-3
5.इंकार-2
6.लेखनी,पेन-3
7.करुणा,दया-3
8.कर्म,भाग्य-3
9.उष्ण-3
10.भद्र,कुलीन-3
11.अवैध,नाजायज-3
12.युद्ध,रण-3
14.आश्रय-3
15.जलजला-3
16.ठंडा-3
17.नमस्कार,प्रणाम-3
18.कद्र,मान-3
19.जो कभी वृद्ध नो हो-3
20.चील,ईगल-2
21.पथ,मार्ग-2
22.इस पर रोटी सेंकते हैं-2

**शब्द पहेली -7448 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## भोपाल श्रमोदय स्कूल के 10वीं के छात्र ने हॉस्टल में फांसी लगाई

**भोपाल।** भोपाल के श्रमोदय स्कूल के 10वीं के छात्र ने हॉस्टल में फांसी लगा ली। स्कूल परिसर में स्थित हॉस्टल में छात्र का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय छात्र अभिषेक चढ़ार मूलतः टीकमगढ़ का रहने वाला था। वह खजुरी सड़क के मुगालिया छाप स्थित श्रमोदय स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र था। वह स्कूल परिसर में बने हॉस्टल में ही रहता था। शनिवार को अभिषेक कक्षा में आया था। दोपहर में हॉस्टल चला गया। कक्षा में नहीं लौटने पर टीचर ने उसको देखने के लिए भेजा। हॉस्टल में अंदर से कमरा बंद था। अंदर झांक कर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची खजुरी सड़क थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। छात्र के परिजनों का सूचना दे दी गई। बच्चे ने फांसी लगाने का कदम क्यों उठाया जैसे सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही हैं।

## सीहोर में हैंडराइटिंग अच्छी नहीं होने पर तीसरी के बच्चे को बेरहमी से पीटा, टीचर पर एफआईआर

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के सीहोर से चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। एक महिला टीचर पर तीसरी के बच्चे को पीटने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। पीटने के पीछे वजह बताई जा रही है कि बच्चे की हैंड राइटिंग मास्टरजी को पसंद नहीं आई। बच्चे के पिता ने जब शरीर पर चोट के निशान देखे तो उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार सीहोर के इछावर मारंग पर ग्राम हसनाबाद जोड़ पर ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सेलेन्स है। यहीं की तीसरी कक्षा में अयान नामक बच्चा पढ़ता है। अयान के पिता रिजवान शकीन ने बताया कि जब अयान स्कूल से लौटा तो रो रहा था। हमने रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि मोनिका मैडम ने मारा है और कहा कि उसे बहुत दर्द हो रहा है। जब हमने उसके कपड़े निकालकर देखें तो उसके शरीर पर चोट के निशान साफ दिख रहे थे। बच्चे के कंधे पर, पीठ पर, जांघ पर लकड़ी से मारने के निशान थे। जांघ पर तो निशान हरे पड़ गए थे। इसके बाद परिजन स्कूल पहुंचे और टीचर की शिकायत की। उनसे जब मारने की वजह पूछी गई तो मैडम का कहना था कि बच्चे की हैंडराइटिंग काफी खराब है। सुधारने के लिए मारा है।

# आकाशीय बिजली गिरने से सात की मौत, सतना और विदिशा में हुए हादसे

**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा से लोगों के चेहरे खिल उठे हैं, लेकिन इस राहत के साथ आसमान से आफत भी बरस रही है। प्रदेश के सतना और विदिशा में वर्षा के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सात लोगों की मौत हो गई है। हालांकि ये पहली घटना नहीं है, इस मानसून सीजन में कई जगह आकाशीय बिजली के कारण अब तक कई लोग जान गंवा चुके हैं, जबकि कई जगह पशुओं की मौत भी हुई है। इसी वजह से प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी करके लोगों को आकाशीय बिजली से बचने के लिए कुछ जरूरी उपाय बताए हैं।



### ईमली के पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली, नीचे खड़े चार लागों की मौत

विदिशा जिले गंजबासौदा ब्लाक के ग्राम आगासोद में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। गांव की बस्ती इलाके से करीब आधा किलोमीटर पहले एक ईमली का पेड़ पर बिजली गिर थी, पेड़ के नीचे चार लोग खड़े हुए थे, जो उसकी चपेट में आ गए। बताया जाता है कि वर्षा से बचने के लिए चारों लोग इस पेड़ के नीचे खड़े हो गए थे। सिटी थाना प्रभारी कुंवर सिंह मुकाती ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से ग्राम गृहणी निवासी गोलू मालवीय, आगासोद निवासी रामू आदिवासी, गुड्डा आदिवासी और प्रभुलाल आदिवासी की मौत हुई है। इनमें से मृतक गोलू मालवीय गांव-गांव सब्जी बेचने के काम करता था। आगासोद से वह गृहणी गांव ही जा रहा था, तभी वर्षा हो गई और उससे बचने के लिए वह सड़क किनारे लगे इमली के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। वर्षा से बचने के लिए ही वहां से निकल रहे रामू, गुड्डा और प्रभुलाल भी चले गए। इसी दौरान बिजली गिरी जिससे चारों और करीब दस से 15 फीट दूर फिका गए। टीआइ ने बताया कि चारों के शरीर में झुलसने जैसे निशान हैं। घटना करीब शाम साढ़े चार बजे की है। चारों के शवों को गंजबासौदा के सिविल अस्पताल लाया गया है, जहां उनका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। स्थानीय लोगों के अनुसार गांव और आसपास के क्षेत्र में करीब आधे घंटे तक बादल गरजने और बिजली चमकने के साथ तेज वर्षा हो रही थी। इधर मौसम विभाग ने भी जिले में अति भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। गौरतलब है कि इससे पहले सिरोंज में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद प्रशासन ने भी आकाशीय बिजली से बचने के उपाय बताते हुए एडवायजरी जारी की थी।

सतना में खेत में काम कर रहे तीन श्रमिकों की मौत: सतना में तेज गरज चमक के साथ दोपहर को बारिश हुई। इस दौरान ग्राम पतौरा में आकाश से गिरी बिजली की चपेट में आकर तीन श्रमिकों की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। मृतकों में दो युवतियां और एक युवक है। घटना जिले के नागौद थाना की पोड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पतौरा की शनिवार दोपहर की है। इस हादसे के बाद पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है और पूरा गांव शोक की लहर में डूबा हुआ है। बताया जा रहा है कि रमाकांत द्विवेदी के खेत में श्रमिक धान का रोपा लगा रहे थे, तभी श्रमिक पास में ही कैथे के पेड़ के नीचे खाना खाने आकर बैठ गए। इसी दौरान अचानक तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई। जिसमें 18 वर्षीय राजकरण कुशवाहा पिता सुरेश कुशवाहा, 19 वर्षीय अंजना उर्फ अंजू पिता गनपत यादव और एक 17 साल की प्राची यादव पिता रामनिवास यादव की मौत हो गई। जबकि इस हादसे राजकरण की बहन 19 वर्षीय कल्पना कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिसका इलाज जिला अस्पताल सतना में चल रहा है। हादसे के बाद सभी को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। सभी पतौरा गांव के ककरहा टोला के निवासी हैं। आकाशीय बिजली जैसे ही पेड़ पर गिरी तो नीचे बैठे श्रमिकों के साथ-साथ पेड़ पर बैठे तोते और पेड़ में चिपकी छिपकली तक मर गई। बताया जा रहा है कि हादसा इतना भयानक था कि खेत में अन्य लोगों की चीखें निकल गई। इस ह्दय विदारक घटना के बाद पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया है।



## संघ का काम भारत को परम वैभव संपन्न बनाना : भागवत

**भोपाल, यशभारत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को भोपाल में आयोग विश्व संघ शिक्षा वर्ग के समापन समारोह में कहा कि संघ का काम भारत वर्ष में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नाम से इस भारत वर्ष को परम वैभव संपन्न बनाना। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि यह भारत वर्ष विश्व गुरु बनेगा। कैसे बनेगा। इस भारत वर्ष की संतानें जो आज भारत वर्ष में हैं और जो संपूर्ण दुनिया में हैं। उस देश के बहुत अच्छे रहवासी या नागरिक बनकर उन देशों की भी सेवा कर रहे हैं। कहीं पर भी अनिवासी या जो भारतीय दूसरे देशों के नागरिक बने। उनके आचरण पर छोटा सा भी धब्बा नहीं है। जहां जहां गए वो उस देश की संपत्ति बने। उन सारे लोगों के जीवन के माध्यम से उनके एक समाज के नाते संगठित जीवन के माध्यम से संपूर्ण दुनिया अपने संगठित जीवन का अपने पद्धति से आदर्श उत्पन्न करेगी। अपनी प्रकृति के आधार पर उसको सजाएगी और संभालेगी। यह थोपा नहीं जाएगा। यह देख कर होगा। जो देख कर अच्छा लगेगा, दुनिया उसके पीछे जाएगी। और संपूर्ण विश्व में संपूर्ण मानवता को एक करने वाला एक वातावरण खड़ा होगा। विश्व गुरु भारत के बिना बोले प्रत्यक्ष कृति से बताए उदाहरण का अनुकरण करके एक नई सुखी दुनिया का उदय होगा। यह सपना लेकर आरएसएस हिंदु स्वयं सेवक संघ का काम उस उस देश में चलता है। भागवत ने कहा कि हमारे देश के अस्तित्व का प्रयोजन दुनिया को धर्म देना है। विश्व के कल्याण की इच्छा रखने वाले ऋषियों के तप से हमारे राष्ट्र का जन्म हुआ। स्वामी विवेकानंद ने बताया कि भारत को अपने स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि दुनिया के लिए जीना है।

## भोपाल में भाई की गला घोंटकर हत्या की, फिर सांप से डसने की झूठी कहानी रची, गिरफ्तार

**भोपाल,यशभारत।** भोपाल के बागसेवनिया थाना क्षेत्र में छोटे भाई ने बड़े भाई की गला घोंटकर हत्या कर दी। फिर सांप के डसने की झूठी कहानी रची। हद तो यह है कि पिन से सांप के डसने के निशान भी बना दिए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में झूठ का खुलासा हो गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी धर्मवीर ने बताया कि मकान में हिस्सा नहीं देने को लेकर उसका बड़े भाई से विवाद चल रहा था।



पुलिस के अनुसार 4 अगस्त को एम्स भोपाल से पुलिस को सूचना मिली कि मरीज 45 वर्षीय धर्मेन्द्र वाल्मीकि पिता बंशीलाल वाल्मीकि निवासी पिपलिया पेंदे खां को उसका भाई धर्मवीर इलाज के लिए लाया है। जिसने बताया कि सुबह करीब 9 बजे घर में धर्मेंद्र बेहोशी की हालत में मिला था। जिसकी जांच करने पर मृत पाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। धर्मवीर ने डॉक्टरों को बताया कि उसे सांप या किसी जहरीली कीड़े ने काट लिया था। धर्मेन्द्र के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस की जांच में सामने आया कि धर्मेंद्र की मां कस्तूरी बाई ने कुछ समय पूर्व बरखेड़ा पठानी का अपना स्वयं का पुस्तैनी मकान 4.70 लाख रुपए में बेचकर पिपलिया पेंदे खां बागसेवनिया में मकान खरीदा था। जिसमें मृतक व उसकी मां निवास करते थे। आरोपी धर्मवीर को कोई हिस्सा नहीं दिया था। जिससे दोनों भाइयों के बीच मनमुटाव था। धर्मवीर शाहनहांनाबाद में रहता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के गला दबाने से दम घुटने से मौत होने का कारण सामने आया। वहीं, पुलिस की जांच में मृतक की मां और छोटे भाई धर्मवीर के बयान में भी विरोधाभाष सामने आया। जांच में यह भी सामने आया कि घटना की रात आरोपी और उसका भाई के अलावा कोई दूसरा व्यक्ति उपस्थित नहीं था। दोनों के बीच प्रॉपर्टी को लेकर मनमुटाव चल रहा था। इसी बात को लेकर रात में जब धर्मेंद्र सो रहा था तब धमरवीर ने गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## हर घर तिरंगा अभियान के जवाब में कांगेस का तिरंगा सम्मान महोत्सव

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी आजादी की हीरक जयंती वर्ष पर आदिवासी क्षेत्रों में तिरंगा सम्मान महोत्सव एवं पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन करेगी। 9 अगस्त से 15 अगस्त आयोजित किए जाने वाले इस तिरंगा महोत्सव व पदयात्रा की शुरुआत मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आदिवासी बलिदानी वीर टंट्या भील की जन्मभूमि इंदौर के पातालपानी से करेंगे। कमलनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में कमलनाथ इंदौर में आदिवासी बलिदानी नेता टंट्या भील की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर तिरंगा सम्मान महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। वहीं 9 से 15 अगस्त तक संभागीय शहरों में होने वाले कार्यक्रमों में तिथिवार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर ने बताया कि 9 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पातालपानी (इंदौर), 10 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ग्वालियर, 11 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया सागर, 12 अगस्त को चंबल संभाग में सुरेश पचौरी और शहडोल संभाग में राज्यसभा सांसद राजमणी पटेल, 13 अगस्त को रीवा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह राहुल भैया और उज्जैन में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव, 14 अगस्त को जबलपुर में विवेक तन्खा और इंदौर में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह आजादी के हीरक जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

## 37 निकायों के निर्वाचन में 36 पर BJP जीती अब तक 72 में से 66 पर अध्यक्ष बने

**भोपाल ,यशभारत।** मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में शनिवार को 37 स्थानों पर हुए निर्वाचन में 36 स्थानों पर विजय मिली है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सभी निर्वाचित अध्यक्षों और सभापति को बधाई दी है। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में 35 नगर पालिका/नगर परिषद में से 34 स्थानों पर भाजपा के अध्यक्ष चुने गए, जबकि एक स्थान पर निर्दलीय को जीत मिली। वहीं 2 नगर निगम के सभापति चुनाव में भाजपा ने विजय का वरण किया है। मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सभी निर्वाचित अध्यक्षों और सभापति को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के विकास और विजन की जीत है। निकायों में अध्यक्ष चुना जाना माननीय शिवराज जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि इस विजय से स्पष्ट होता है कि जनता के चुने हुए पार्षद भी कांग्रेस को अब विपक्ष के रूप में भी पसंद नहीं कर रहे। कई निकायों में कांग्रेस ने जोड़तोड़ की राजनीति भी की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी और कांग्रेस शून्य ही रही। शहरों से लेकर गांव के विकास के लिए लोग सिर्फ भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव के परिणामों ने बता दिया कि जनता सिर्फ भाजपा के साथ है। अंतर्विरोधों से घिरी कांग्रेस केवल चुनाव में सक्रिय होती है और फिर अगले चुनाव तक के लिए निष्क्रिय हो जाती है। मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि अब तक 72 निकायों में हुए निर्वाचन में 66 स्थानों पर भाजपा के अध्यक्ष चुने गए हैं। 6 अगस्त को 37 में से 36, 5 अगस्त को 21 में से 18, 4 अगस्त को 8 में से 6, 3 अगस्त को 5 में से 5 और 1 अगस्त को 1 में से 1 पर भाजपा विजय रही।

# फिर से होगी राज्यसेवा मुख्य परीक्षा 2019 इंटरव्यू तक पहुंचे उम्मीदवारों को बड़ा झटका

**भोपाल ,यशभारत।** राज्यसेवा मुख्य परीक्षा 2019 फिर से आयोजित होगी। मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग (पीएससी) ने ऐसे संकेत दिए हैं। असल में कुल 577 पदों के लिए ये परीक्षा मार्च 2021 में ही आयोजित हो चुकी है। परीक्षा के नतीजे भी जारी कर दिए गए थे। परीक्षा में पास हुए 1918 अभ्यर्थी इंटरव्यू के आखिरी दौर में शामिल होने का इंतजार कर रहे थे। अब उन्हें फिर से मुख्य परीक्षा में शामिल होकर फिर से इंटरव्यू के लिए सफल होना पड़ेगा। विशेषज्ञ बता रहे हैं कि यह पहला मौका होगा जब राज्यसेवा मुख्य परीक्षा फिर से करवानी पड़ेगी। पीएससी की तमाम परीक्षाओं के नतीजे और प्रक्रिया ओबीसी आरक्षण के पेच में उलझे हुए हैं। राज्यसेवा परीक्षा 2019 का मामला इससे थोड़ा अलग है। राज्य सेवा परीक्षा 2019 का रिजल्ट पीएससी ने नए भर्ती नियम के हिसाब से जारी किया था। पुरानी परीक्षाओं से अलग इसमें आरक्षित वर्ग के मेरिट होल्डर अभ्यर्थियों को अनारक्षित सीटों पर नहीं चुना। इस संशोधन के खिलाफ लगाई याचिका पर हाई कोर्ट ने 7 अप्रैल को निर्णय सुना दिया था। कोर्ट ने पुराने भर्ती नियम यानी राज्यसेवा नियम 2015 के हिसाब से रिजल्ट को संशोधित कर जारी करने का आदेश दिया है। अभ्यर्थी अब तक मान रहे थे कि पीएससी रिजल्ट में ही संशोधन कर इंटरव्यू का रास्ता निकाल लेगा। पीएससी की ओर से साफ कर दिया गया है कि क्योंकि पुराने नियम का पालन करते हुए नया रिजल्ट जारी करना होगा। ऐसे में यह संभव नहीं है कि पूर्वघोषित अभ्यर्थियों के इंटरव्यू करवाए जा सकें। लिहाजा पीएससी को राज्यसेवा मुख्य परीक्षा 2019 फिर से आयोजित करनी ही होगी।

- नवंबर 2019 में पीएससी ने राज्यसेवा-2019 घोषित की
- 12 जनवरी 2020 को प्रारंभिक परीक्षा संपन्न हुई
- प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम 21 दिसंबर 2020 को जारी हुआ
- प्रारंभिक परीक्षा से 10767 विद्यार्थी मुख्य परीक्षा के लिए चुने गए
- 21 से 26 मार्च 2021 तक मुख्य परीक्षा आयोजित हुई
- 31 दिसंबर 2021 को मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ
- मुख्य परीक्षा से 1918 अभ्यर्थी इंटरव्यू के अंतिम दौर के लिए चुने गए
- फरवरी में इनके इंटरव्यू करवाने की घोषणा करते हुए जनवरी 2022 में सभी से दस्तावेज भी पीएससी ने जमा करवा लिए थे।

"अभ्यर्थी मांग कर रहे हैं कि राज्यसेवा 2019 के इंटरव्यू करवा लिए जाए, यह संभव नहीं है। पुराने नियम से नया रिजल्ट बनेगा। इसके लिए मुख्य परीक्षा फिर से करवानी होगी। ओबीसी आरक्षण पर स्थिति साफ हो जाए तो हम यह परीक्षा फिर से करवाएं।

**- डा. रवींद्र पंचभाई, ओएसडी मप्र लोकसेवा आयोग**

## 12 अगस्त तक पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2022 में रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि अब 12 अगस्त 2022 की गई है। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि पांच अगस्त निर्धारित थी। प्रमुख सचिव पर्यटन और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने और जिले में प्रशासकीय अमले की निर्वाचन कार्य में व्यस्तता होने से यह निर्णय लिया गया हैं। इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है। स्कूली विद्यार्थियों को प्रदेश के पर्यटन से परिचित कराने और पर्यटन से सीखने की प्रक्रिया को विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2022 की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रदेश के शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई और केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थी हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता की विजेता टीमों को पर्यटन निगम के होटलों का टूर पैकेज सहित प्रमाण पत्र और मेडल दिए जायेंगे। प्रतियोगिता से बच्चों में भविष्य में पर्यटन के लिए मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के प्रति आकर्षण के साथ पर्यटन संबंधी जानकारी बढ़ेगी। टूरिज्म बोर्ड वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन कर रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव पर जनजातीय कार्य विभाग के स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

## भोपाल, इंदौर में भारी वर्षा के आसार, प्रदेश में सामान्य से पांच प्रतिशत अधिक वर्षा



**भोपाल ,एजेंसी।** अलग-अलग स्थानों पर पांच मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। मानसून ट्रफ भी सागर से होकर गुजर रहा है। इसके चलते राजधानी सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में रुक-रुककर वर्षा होने का सिलसिला बना हुआ है। इसी क्रम में शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक ग्वालियर में 54.6, मंडला में छह, इंदौर में 5.2, बैतूल में पांच, सागर में एक, दमोह में एक, सतना में 0.8, भोपाल में 0.4 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रविवार को भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, इंदौर, उज्जैन संभागों के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक मानसून ट्रफ के मध्य प्रदेश से गुजरने के कारण भोपाल, इंदौर संभागों के जिलों में अच्छी वर्षा हो रही है। वर्तमान में आंध्रा तट पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात के रविवार को कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है। इस मौसम प्रणाली के आगे बढ़ने पर सोमवार-मंगलवार को मप्र के अधिकतर जिलों में तेज बौछारें पड़ने का सिलसिला शुरू हो सकता है। बता दें कि इस सीजन में शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक मप्र में कुल 545.6 मिमी. वर्षा हो चुकी है। यह सामान्य (519.8 मिमी.) की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। मप्र के 12 जिलों में अभी सामान्य से कम वर्षा हुई है।

### ये मौसम प्रणालियां हैं सक्रिय

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में पाकिस्तान के मध्य में एक पश्चिमी विक्षोभ हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। मानसून ट्रफ जेसलमेर, कोटा, सागर, पेंड्रा रोड, बालासोर से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। आंध्र प्रदेश के तट पर हवा के ऊपरी भाग में एक शक्तिशाली चक्रवात बना हुआ है। मध्य राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। दक्षिणी महाराष्ट्र से उत्तरी केरल तक अपतटीय ट्रफ बना हुआ है।

## कांग्रेस नेता ने आरएसएस प्रमुख को तिरंगा देने का किया ऐलान

### पुलिस ने पीसीसी मुख्यालय पहुंच की पूछताछ

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी भोपाल के कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में शनिवार को पुलिस अंदर घुस गई। जिसके बाद कांग्रेस ने पुलिस पर बिना सूचना के भवन में घुसने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने चिंता जताई और कहा कि अब तिरंगा भेंट करना भी गुनाह गया है। दरअसल एमपी कांग्रेस की मीडिया उपाध्यक्ष संगीता शर्मा शनिवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रध्वज तिरंगा भेंट करने का ऐलान किया था। संगीता शर्मा ने कहा राष्ट्र के स्वाभिमान, गौरव, सम्मान और बलिदान का प्रतीक राष्ट्र ध्वज तिरंगा झंडा भेंट करने के साथ ही मीडिया विभाग का प्रतिनिधि मंडल मोहन भागवत को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इतिहास से जुड़ी एक पुस्तक भी भेंट करेगा।



लेकिन उनके तिरंगा भेंट करने जाने से पहले ही उनके कक्ष में पुलिस पहुंच गई। साथ ही इसके कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष के के मिश्रा के कमरे में भी पुलिस पहुंची है। और मुख्यालय को भी पुलिस ने छावनी बना दी।दरअसल बीजेपी पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। वहीं संघ के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत इन दिनों भोपाल में ही है। बीजेपी हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों को तिरंगा अपने घर और उसकी फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगाने के लिए प्रेरित कर रही है।

बता दें कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बीते चार दिनों से भोपाल में हैं। शुक्रवार को वे होशंगाबाद रोड स्थित बंसल कॉलेज में विश्व संघ शिक्षा वर्ग में शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने आरजीपीवी में विश्व हिन्दू परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ विचार मंथन किया। विश्व संघ शिक्षा वर्ग का समापन समारोह पीपुल्स मेडिकल कॉलेज में होगा। इस कार्यक्रम में संघ प्रमुख शाम 5 बजे शामिल होंगे। पुलिस प्रशासन भी आरएसएस प्रमुख के कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं देखना चाहता। और इसलिए पुलिस ने कांग्रेस मुख्यालय पहुंच कर संगीता शर्मा और केके मिश्रा से बातचीत की।

## हमीदिया अस्पताल में आयुष्मान मरीजों को नहीं मिल रहा संपूर्ण मुफ्त इलाज

**भोपाल यशभारत।** जबलपुर के अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अस्पतालों की इलेक्ट्रिकल एवं फायर आडिट कराने में लगा है। उधर, हाल यह है कि आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को निश्शुल्क इलाज तक नहीं मिल पा रहा है। हमीदिया अस्पताल में मरीज को इलाज के लिए 30 हजार से 40 हजार रुपये तक खर्च करना पढ़ रहा है। इसकी वजह यह है कि अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को तुरंत दवाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं। कई बार मरीजों को ऐसे इप्लांट लगाने की जरूरत पड़ती है जिनका आयुष्मान भारत योजना के तहत आपूर्ति के लिए अनुबंध नहीं नहीं किया जाता है। तीसरी दिक्कत है आती है कि आपूर्तिकर्ता समय पर सामग्री की आपूर्ति ही नहीं करता है। हड्डी के मरीज ही नहीं, सर्जरी और दूसरे विभाग में भी तरह की दिक्कत आ रही है। इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि उनके पास ऐसी शिकायत नहीं आई है। अगर ऐसा है तो संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा।



फाईल फोटो

### जेपी में चार महीने से बंद है मेटरनिटी विंग की लिफ्ट

जेपी अस्पताल की मेटरनिटी विंग की लिफ्ट चार महीने से बंद पड़ी है। प्रसूताओं को दो मंजिल तक सीढ़ियों से आना-जाना पड़ रहा है। इसके पहले इमरजेंसी की लिफ्ट खराब थी, यह 2 महीने पहले ही सुधर पाई है। मेटरनिटी की लिफ्ट खराब होने की वजह से बच्चा वार्ड में जाने वाले मरीजों को भी दिक्कत हो रही है।

**केस- 1**

नर्मदापुरम के रहने वाले गोपाल को बाइक से गिरने की वजह से हमीदिया अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने यहां उनका ऑपरेशन किया। गोपाल ने बताया कि उनके करीब हजार रुपए लग गए हैं जबकि उनके पास आयुष्मान कार्ड भी है। उन्होंने बताया कि डॉ दवा या अन्य सामान लाने के लिए छोटी सी पर्ची देते हैं। चिकित्सकों का यही कहना होता है कि अस्पताल में दवाई नहीं है, इसलिए बाहर से लाना पड़ेगा।

**केस- 2**

सिलवानी के रहने वाले रामकुमार ने बताया कि गिरने की वजह से उनके हाथ पैर में फ्रैक्चर आया था। हमीदिया अस्पताल में पटेल वार्ड में उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि भर्ती होने से लेकर अब तक उनके करीब 8000 रुपए खर्च हो चुके हैं। गरीबी की वजह से वह निजी अस्पताल में इलाज कराने नहीं गए। उन्हें लगा कि आयुष्मान कार्ड से निशुल्क इलाज हो जाएगा, लेकिन सामान उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर डॉक्टरों ने करीब 8000 रुपए की दवाएं व अन्य सामग्री खरीदवाई।

# सड़कों से हटाए जाएंगे आवागमन में बाधक बन रहे धार्मिक स्थल

## सुर्प्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राज्य शासन ने जारी किए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** शासकीय एवं सार्वजनिक उपयोग की भूमियों पर कब्जे के उद्देश्य से कुछ व्यक्तियों अथवा संगठनों द्वारा भूमि पर चबूतरा बनाकर या किसी देवी-देवता की प्रतिमा स्थापित करके उसे धार्मिक स्थल का रूप दे दिया जाता है। पिछले कुछ सालों से इस तरह के अवैध कब्जों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही। देश के सर्वोच्च न्यायालय 2009 के बाद किए गए इस तरह के सभी कब्जों को हटाये जाने के निर्देश दिए हैं। सुर्प्रीम कोर्ट द्वारा आदेश पारित किए जाने के बाद केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने नियमों में संशोधन कर जिला प्रशासन को इस तरह के धार्मिक स्थलों को चिन्हित करने एवं उन्हें हटाए जाने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों के तहत 2009 के बाद शहर की सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्गों, शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, शैक्षणिक स्थलों सहित नदी-तालाबों और वनक्षेत्रों में तैयार किए गए धार्मिक स्थलों को जल्द ही हटा दिया जाएगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा गत दिवस राजस्व अधिकारियों की एक बैठक बुलाकर उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों से अवगत कराया गया है।



धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व द्वारा प्रशासित अधिनियम मध्यप्रदेश सार्वजनिक स्थान धार्मिक भवन एवं गतिविधियों के विनियमन संशोधन अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश व अधिनियम के अनुसार वर्ष 2009 के बाद निर्मित ऐसे धार्मिक स्थल जो आवागमन में बाधा हैं या सार्वजनिक स्थलों पर अनाधिकृत रूप से निर्मित किए गए, ऐसे स्थलों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करने के निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में ऐसे धार्मिक स्थल जो वर्ष 2009 के बाद निर्मित हुए हैं और शहर की सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्ग, राजमार्ग, जिले के अन्य मार्ग, शैक्षणिक संस्थाओं, शहर की बस्ती की गली, शासकीय चिकित्सालयों व शासकीय परिसर, सार्वजनिक तालाब, नदी के निकट स्थित, वन क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से स्थित हैं। ऐसे धार्मिक स्थलों को सभी एसडीएम, तहसीलदार व राजस्व अमला 15 अगस्त के बाद भ्रमण कर चिन्हित करें और आवश्यक कार्रवाई के लिए शासन को जानकारी प्रेषित की जाए। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशों का गंभीरता से पालन करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई कोताही न हो। इस दौरान अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा, एसडीएम प्रिया चंद्रावत सहित अन्य एसडीएम, तहसीलदार व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा अभियान

# छात्रों ने तिरंगा फहराने लोगों से की अपील



**कटनी,यशभारत।** 13 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार व हर घर तिरंगा अभियान नोडल अधिकारी सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में विभिन्न विद्यालयों के 2 हजार से अधिक स्काउट गाइड, रेडक्रास, एनसीसी कैडिट सहित छात्र-छात्राएं शामिल हुए। तिरंगा यात्रा को फारेस्टर प्लेग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर डीईओ पीपी सिंह व डीपीसी केके डेहरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली फारेस्टर प्लेग्राउण्ड से प्रारंभ होकर कचहरी चौक से मोहन टाकीज रोड होते हुये सुभाष चौक, गांधी द्वार, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक से वापस कोतवाली तिराहा होते हुये अंहिंसा चौक से फारेस्टर प्ले ग्राउड में संगोष्ठी के रूप में परिवर्तित हुई। जहां जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान की 13 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप कुमार डांगी वाला, जिला संगठक स्काउट गाइड ललित मिश्रा, जिला खेल अधिकारी विजय भार सहित अन्यजन उपस्थित थे।

## स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर जगमग होंगे शासकीय भवन

### कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में आयोजित हो रहे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सार्वजनिक, शासकीय व अर्द्धशासकीय भवनों पर मितव्ययिता के साथ प्रकाश व्यवस्था रोशनी करने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने हर घर तिरंगा अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त के दौरान निजी संस्थानों और भवनों में भी लोगों से रोशनी करने की अपील की है। श्री मिश्रा ने नागरिकों से आजादी के अमृत महोत्सव में पौधारोपण और हर घर तिरंगा फहरा कर खुशी के जश्न में भागीदारी निभाने का भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण महज शासकीय नहीं बल्कि जन-जन का अभियान बने, ताकि आने वाली पीढ़ियां बेहतर पर्यावरण के साथ जी सकें। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से पौधारोपण कर अंकुर अभियान के वायुदूत एप पर फोटो अपलोड करने की अपील की है। श्री मिश्रा ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत रखते हुय सार्वजनिक स्थानों, मुख्य चौराहों का चयन कर लाइटिंग कराने और राष्ट्रीय ध्वज फहराने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिये हैं।

## पार्षद एवं पूर्व महापौर सहित वार्डवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# खिरहनी फाटक शराब दुकान स्थानांतरित किए जाने का विरोध




**कटनी,यशभारत।** वेंकट वार्ड खिरहनी फाटक के समीप संचालित शासकीय देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान को नियमविरूद्ध तरीके से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की तैयारी की जा रही है। जिस नए स्थान पर यह शराब दुकान स्थानांतरित किया जाना है। वह स्थान धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं से 50 मीटर कम के दायरे में है। साथ ही वहां अनेक सार्वजनिक उपयोग के स्थल भी है। ऐसी स्थिति में स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नए स्थान पर शराब दुकान खोले जाने का व्यापक विरोध किया जा रहा। गत दिवस राजीवगांधी वार्ड क्रं. 14 की पार्षद प्रेमवती रजक सहित पूर्व महापौर रूकमणी बर्मन एवं दर्जनों की संख्या में नागरिकों ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर इसका विरोध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि शराब दुकान पिछले कई सालों से खिरहनी फाटक के समीप संचालित है। किन्हीं कारणोंवश शराब ठेकेदार द्वारा आबकारी नीतियों एवं नियमों का उल्लंघन करते हुए शराब दुकान स्थानांतरित करने की तैयारी कर रहा है। उक्त संबंध में न तो जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक बुलाई गई है न ही उनकी सहमति से स्थल का चयन किया गया है जबकि नियमानुसार ठेका अवधि के बीच में शराब दुकान का स्थान परिवर्तित नहीं किया जा सकता। स्थान परिवर्तन से पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सहमति आवश्यक है। शराब दुकान के लिए स्थल चयन करते समय धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक उपयोग वाले स्थानों से उसकी दूरी का भी मापदण्ड तय है। इसके बावजूद खिरहनी फाटक क्षेत्र की शराब दुकान का स्थान परिवर्तन किया जा रहा है। बताया गया कि जिस नए स्थान पर शराब दुकान खोले जाने की तैयारी की जा रही वह स्थान रजिस्टर्ड ट्रस्ट के मंदिर एवं सामुदायिक भवन से 50 मीटर से भी कम दूरी पर स्थित है वहीं मां शेरावाली भवन भी स्थित है जहां स्थानीय लोगों द्वारा हमेशा वैवाहिक, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। नवरात्रि पर्व के अवसर पर यहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है वहीं गणेश चतुर्थी के मौके पर भगवान गणेश जी की प्रतिमा भी स्थापित की जाती है। इन पर्वों के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। यहां सड़क भी अपेक्षाकृत कम चौड़ी है, जिसके कारण यहां शराब दुकान खुलने की स्थिति में आवागमन में बाधा भी उत्पन्न होगी। उसी स्थान के ठीक सामने वाली गली में आदर्श ज्योति शिक्षा निकेतन हाईस्कूल संचालित है जहां छात्र-छात्राएं अध्ययन करते हैं। एकदम नजदीक पंजाब नेशनल बैंक की शाखा संचालित होती है जहां ग्राहकों का आना जाना लगा रहता है। ऐसी स्थिति में नए स्थान पर शराब दुकान का स्थानांतरण आबकारी नीति एवं प्रावधानों के विपरीत होगा। अगर नियमों का उल्लघंन कर यहां शराब दुकान खोली गई तो इससे निर्मित होने वाली अप्रिय स्थितियों की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। कलेक्टर का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उचित कदम उठाए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन की एक प्रति पुलिस अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी और थाना प्रभारी को भी प्रेषित की गई है।

## फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड में आयोजित होगा स्वाधीनता दिवस का मुख्य समारोह

**कटनी,यशभारत।** आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को समूचे जिले में पूरे उमंग और उत्साह से मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थानीय फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड में आयोजित होगा। जहां प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इसके अलावा परेड, हर्ष फायर व मार्च पास्ट सहित देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रमों एवं समारोहों का व्यापक आयोजन होगा। पौधारोपण भी किया जायेगा, सभी कार्यालयों महाविद्यालयों और विद्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे किया जायेगा ताकि लोग मुख्य समारोह के कार्यक्रम में शामिल हो सकें। कुठला बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम हॉल में '' आजादी की शाम'' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जायेगा। इसी प्रकार जिले की ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों और नगर परिषदों में भी आजादी के अमृत महोत्सव पर विविध ओयोजन, खेलकूद, पौधारोपण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

**मुख्य अतिथि करेंगे ध्वाजारोहण, मुख्यमंत्री के संदेश का होगा वाचन**

## भारतीय झंडा संहिता के प्रावधानों के अनुरूप ही फहराया जाए राष्ट्रीय ध्वज

# घर-घर तिरंगा अभियान में न हो नियमों की अनदेखी



**कटनी,यशभारत।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत फहराये जाने वाले राष्ट्रीय ध्वज के लिए भारतीय झण्डा संहिता के प्रावधानों का पालन अनिवार्य है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सभी नागरिकों से राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान के अनुरूप ध्वजारोहण करने की अपील की है। भारतीय झंडा संहिता के अनुसारराष्ट्रीय ध्वज खादी, काटन, रेशम, पोलिएस्टर से निर्मित होना चाहिए।राष्ट्रीय ध्वज फहराते समय केसरिया रंग सबसे ऊपर होना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज गौरव व आदर सहित दिन या रात के समय फहराया जाना चाहिए। तिरंगा आयात आकार में चौड़ाई व लंबाई क्रमशः 3:2 के अनुपात में फहराया जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज को हाफ मास्ट (आधे डण्डे) पर नहीं फहराया जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज के ऊपर पेन, पेंसिल स्केच पेन आदि से कुछ भी लिखा नहीं होना चाहिए। फटा हुआ अथवा क्षतिग्रस्त हुए राष्ट्रीय ध्वज को नहीं फहराया जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज को इस तरह नहीं फहराया जाए, जिससे ध्वज जमीन अथवा बहते पानी को छू रहा हो । राष्ट्रीय ध्वज को सिंगल मास्ट पर फहराया जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज को फहराते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि झण्डा फहराने से कोई व्यावसायिक लाभ अर्जित करने की स्थितियां निर्मित नहीं हो रही हों। इसके अलावा राष्ट्रीय ध्वज को क्षतिग्रस्त होने, गंदा होने अथवा अभियान समाप्ति उपरान्त सार्वजनिक स्थल पर या ऐसे स्थान पर नहीं फेंका जाए, जिससे ध्वज के सम्मान को ठेस लगे। राष्ट्रीय ध्वज को धोकर तथा तत्पश्चात सहेजकर घर में ही सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने जिले के सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारतीय झंडा संहिता के समस्त प्रावधानों को शासकीय कार्यालयों व भवनों पर तिरंगा फहराये जाते समय हर हाल में पालन किया जाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी झंडा संहिता के निर्देशों के अनुसार ध्वजारोहण करने का आग्रह किया है।

## मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर की अपील




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों और पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित किया। यहां जिला मुख्यालय में एन.आई.सी. के वीडियो कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा सहित जिला पंचायत सदस्यों और जिला पंचायत के सी.ई.ओ. जगदीश चंद्र गोमें ने मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना। जिले भर से लोगों ने ग्राम पंचायतों जनपद पंचायतों में और अपने मोबाईल में भी मुख्यमंत्री के प्रेरणास्पद उद्बोधन को सुना। मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान में सभी की सक्रिय सहभागिता की अपील की।

# ढ़ीमरखेड़ा पहुंचे नवागत प्रधान जिला न्यायाधीश

## अधिवक्ताओं से की भेंट, नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारों को शामिल कराने की अपील





**कटनी,यशभारत।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 अगस्त को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाये जाने एवं पक्षकारों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाये जाने के उद्देश्य नवागत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अनिल कुमार अग्रवाल ने 4 अगस्त को तहसील न्यायालय ढीमरखेडा पहुंचकर अधिवक्ताओं से मुलाकात की, श्री अग्रवाल ने कहा कि अधिवक्ताओं के सहयोग के बिना न्यायदान संभव नही है लोक अदालत शीघ्र सुलभ न्याय पाने का महत्वपूर्ण आधार है लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों के मध्य न केवल आपसी वैमनस्ता समाप्त होती है बल्कि मामले का अंतिम निराकरण हो जाता है इसलिए समस्त अधिवक्ताओं से सहयोग कर नेशनल लोक अदालत को सफल बनाये जाने की अपील की गई। इसके साथ ही पर्यावरण को सुरक्षित करने के उद्देश्य से ''पंच-ज'' अभियान के तहत वृक्षारोपण का महत्व बताते हुये कहा कि प्राणवायु के लिए पेड़-पौधे अर्थात हरित धरा होना आवश्यक है वृक्षारोपण के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी श्री अनिल कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में ढ़ीमरखेड़ा परिसर में आम, आंवला, बरगद, नीम, जामुन, नीबू जैसे-छायादार एवं फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण न्यायाधीश अधिवक्तागण द्वारा किया गया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश नोटिया ने लोक अदालत को सफल बनाये जाने एवं प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 10 वृक्ष लगाये जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री संजीव पाण्डेय, तथा जिला रजिस्ट्रार श्री अग्नीध्र द्विवेदी, तहसील न्यायालय के न्यायाधीश श्री रमाकांत भारगे, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री प्यासी अटल बिहारी वाजपेयी तथा अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा कुठला, प.ह.नं.- 39 रा.नि.मं.- मुड़वारा - 1 तहसील एवं जिला कटनी म.प्र. में स्थित भूमि खसरा नंबर 56/27 रकवा 0.078 हे. एवं खसरा नंबर 63/25 रकवा 0.045 हे. भूमि श्रीमती कल्पना चौरसिया पत्नि श्री चंद्रकांत चौरसिया निवासी महाराष्ट्र बैंक के बगल से नगरी चौक, बिलासपुर छ.ग. के भूमिस्वामी हक एवं कब्जे की भूमि है। उक्त वर्णित भूमि खसरा नंबर 56/27 रकवा 0.078 में से 6800 वर्गफुट एवं खसरा नंबर 63/25 रकवा 0.045 हे. भूमि जो लगभग 4700 वर्गफुट है, को विक्रय करने का सौदा किया गया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था, बैंक/गैर वित्तीय संस्थान को उक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार से कोई हक व स्वत्व निहित हो या कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, इसके पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं मानाी जावेगी। समयावधि पश्चात उक्त वर्णित भूमियों का विक्रय पत्र निष्पादन किया जावेगा।

**कटनी, दिनांक- 06/08/2022**

**भवदीय- अफजल खान, एडव्होकेट, हनुमान मंदिर के बाजू से तहसील परिसर कटनी (म.प्र.) मो. 7000386090**

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का 9वां दिन

# फिर चमके भारतीय पहलवान
# भारत की झोली में आए कुल 14 पदक







बर्मिंघम, एजेंसी। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का 9वां दिन भारतीय एथलीट्स के नाम रहा। भारत ने शनिवार को 4 गोल्ड, 3 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल के साथ कुल 14 पदक जीते। यह अब तक का भारत का सबसे शानदार दिन रहा है। 9वें दिन मेडल का खाता प्रियंका गोस्वामी ने महिलाओं की 10 हजार मीटर रेस वॉक में सिल्वर मेडल के साथ खोला। इसके बाद भारतीय एथलीट्स नहीं रुके। बॉक्सिंग से लेकर कुश्ती तक हर जगह भारतीय खिलाड़ियों ने तिरंगा लहराया। रवि दहिया, विनेश फोगाट, नवीन और भाविना पटेल ने भारत की झोली में पीला तमगा डाला, वहीं लॉन बॉल्स में भी भारत को दूसरा मेडल जीतने में सफल रहा। इन 14 पदकों के साथ भारत के कुल मेडल्स की संख्या 40 हो गई है। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत अब तक 13 गोल्ड, 11 सिल्वर और 16 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर चुका है।

कॉमनवेल्थ गेम्स के 9वें दिन भी कुश्ती में भारत के 6 पदक दांव पर थे और पहलवानों ने शत प्रतिशत रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए मेडल अपने नाम किए। शनिवार को रवि दहिया, विनेश फोगाट और नवीन ने गोल्ड जीता तो पूजा सिहाग, दीपक नेहरा और पूजा गहलोत के खाते में ब्रॉन्ज मेडल आया। वहीं चार मुक्केबाज, महिला क्रिकेट टीम, पुरुष हॉकी टीम और दो टेबल टेनिस युगल जोड़ियों ने फाइनल में पहुंचकर मेडल पक्का किया।

भारत को मेडल जिताने वाले खिलाड़ियों की सूची–

संकेत सरगर – सिल्वर मेडल, वेटलिफ्टिंग
गुरुराजा पुजारी – ब्रॉन्ज मेडल, वेटलिफ्टिंग
मीराबाई चानू – गोल्ड मेडल, वेटलिफ्टिंग
बिंद्यारानी देवी – सिल्वर मेडल, वेटलिफ्टिंग
जेरेमी लालरिनुंगा – गोल्ड मेडल, वेटलिफ्टिंग
अचिंता शुली – गोल्ड मेडल, वेटलिफ्टिंग
सुशीला देवी – सिल्वर मेडल, जूडो
विजय कुमार यादव – ब्रॉन्ज मेडल, जूडो
हरजिंदर कौर – ब्रॉन्ज मेडल, वेटलिफ्टिंग
भारतीय महिला टीम – गोल्ड मेडल, लॉन बॉल्स
विकास ठाकुर – सिल्वर मेडल, वेटलिफ्टिंग
भारतीय पुरुष टीम – गोल्ड मेडल, टेबल टेनिस
भारतीय मिश्रित टीम – सिल्वर मेडल, बैडमिंटन
लवप्रीत सिंह – ब्रॉन्ज मेडल, वेटलिफ्टिंग
सौरव घोषाल – ब्रॉन्ज मेडल, स्क्वॉश
तूलिका मान – सिल्वर मेडल, जूडो
गुरदीप सिंह – ब्रॉन्ज मेडल, वेटलिफ्टिंग
तेजस्विन शंकर – ब्रॉन्ज मेडल, लॉन्ग जंप
मुरली श्रीशंकर – सिल्वर मेडल, लॉन्ग जंप
सुधीर – गोल्ड मेडल, पैरा पावरलिफ्टिंग
अंशु मलिक – सिल्वर मेडल, कुश्ती
बजरंग पुनिया – गोल्ड मेडल, कुश्ती
साक्षी मलिक – गोल्ड मेडल, कुश्ती
दीपक पुनिया – गोल्ड मेडल, कुश्ती
दिव्या काकरान – ब्रॉन्ज मेडल, कुश्ती
मोहित ग्रेवाल – ब्रॉन्ज मेडल, कुश्ती
प्रियंका गोस्वामी – सिल्वर मेडल, रेस वॉक
अविनाश सेबल – सिल्वर मेडल, स्टीपलचेज़
भारतीय पुरुष टीम – सिल्वर मेडल, लॉन बाउल
जैस्मीन लैंबोरिया – ब्रॉन्ज मेडल, बॉक्सिंग
पूजा गहलोत – ब्रॉन्ज मेडल, कुश्ती
रवि कुमार दहिया – गोल्ड मेडल, कुश्ती
विनेश फोगट – गोल्ड मेडल, कुश्ती
नवीन – गोल्ड मेडल, कुश्ती
पूजा सिहाग – ब्रॉन्ज मेडल, कुश्ती
मोहम्मद हुसामुद्दीन – ब्रॉन्ज मेडल, बॉक्सिंग
दीपक नेहरा – ब्रॉन्ज मेडल, कुश्ती
रोहित टोकस – ब्रॉन्ज मेडल, बॉक्सिंग
सोनलबेन पटेल – ब्रॉन्ज मेडल, पैरा टेबल टेनिस
भावना पटेल – गोल्ड मेडल, पैरा टेबल टेनिस

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास, पहली बार में ही ष्टङ्खत्र 2022 के फाइनल में बनाई जगह, गोल्ड मेडल के लिए ऑस्ट्रेलिया से होगी भिड़ंत

बर्मिंघम, एजेंसी। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पहली बार महिला क्रिकेट को शामिल किया गया और भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया। कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। रोमांचक मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड को 4 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसी के साथ टीम इंडिया ने एक पदक भी पक्का कर लिया है, जहां टीम गोल्ड या कम से कम सिल्वर मेडल अपने नाम करेगी।

फाइनल में अब भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा, जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से मात देकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई। वहीं, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच ब्रॉन्ज मेडज मुकाबला खेला जाएगा। ब्रॉन्ज और गोल्ड मेडल के मुकाबले रविवार को ही खेले जाएंगे।

बर्मिंघम में खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 164 रन बनाए थे, जिसमें स्मृति मंधाना की तूफानी 61 रन की पारी और जेमिमा रॉड्रिग्स की 44 रन की दमदार पारी शामिल थी। इसके बाद जब मेजबान टीम 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो टीम को अच्छी शुरुआत मिली। यहां तक कि आखिरी के कुछ ओवरों में भी इंग्लैंड की टीम जीतती हुई नजर आ रही थी। हालांकि, भारतीय टीम ने अच्छी फील्डिंग की और कुछ रन आउट के मौके भुनाए। यही कारण रहा कि इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 160 रन बना सकी और मुकाबला 4 रन से हार गई। इंग्लैंड की टीम के लिए कप्तान नताली स्कीवर ने 41 रन और डेनियल व्याट ने 35 रन बनाए। 19 रन की पारी सोफिया डंकली ने खेली। भारत की तरफ से 2 विकेट स्नेह राणा को मिले, जबकि एक सफलता दीप्ति शर्मा को मिली। भारत के लिए अच्छी बात ये रही कि जब-जब टीम को विकेट की तलाश थी तो रन आउट के रूप में इंग्लैंड का विकेट गिरा। 6 में से 3 विकेट रन आउट के तौर पर गिरे। यही इंग्लैंड की हार का सबसे बड़ा अंतर रहा। अब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से फाइनल में भिड़ना होगा।

## पैरा टेबल टेनिस :भाविना पटेल ने स्वर्ण, सोनलबेन ने कांस्य पदक जीता

बर्मिंघम,एजेंसी। भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने शनिवार को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल च्वर्ग 3-5ज में स्वर्ण जबकि सोनलबेन मनुभाई पटेल कांस्य पदक जीता। टोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता भाविना ने यहां फाइनल में नाईजीरिया की क्रिस्टियाना इकपेयोई को 12-10, 11-2, 11-9 से मात दी।

इससे पहले, चौतीस साल की सोनलबेन ने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में इंग्लैंड की सू बेली को 11-5, 11-2, 11-3 से हराया। पुरुष एकल च्वर्ग 3-5ज के कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में हालांकि राज अरविंदन अलागर को नाइजीरिया के इसाउ ओगुनकुनले से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी को 3-11, 6-11, 9-11 से शिकस्त मिली।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम तीसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में पहुंची, सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से रौंदा

,बर्मिंघम,एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अपना शानदर प्रदर्शन जारी रखते हुए बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 (ष्टश्द्वद्वश्ठ्ठ2द्गड्डद्यह्लद्ध त्नड्डद्वद्गह्य 2022) के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम तीसरी बार किसी कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में पहुंची है। फाइनल में अब भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। भारतीय टीम ने शनिवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से मात दी। इस अहम सेमीफाइनल मुकाबले में हाफ टाइम तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली थी। भारत के लिए अभिषेक, मनदीप सिंह और जुगराज ने गोल दागे।तीसरी क्वार्टर में भारत को मैच का पांचवां पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय टीम इस मौके को गोल में तब्दील नहीं कर पाई। भारत के बाद साउथ अफ्रीका को भी मैच का दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे भारतीय टीम ने बेहतरीन तरीके से डिफेंस कर दिया। हालांकि इसके तुरंत बाद ही दक्षिण अफ्रीका ने अपना खाता खोल लिया। साउथ अफ्रीका के लिए यह गोल जूलियस ने किया। इस गोल के बाद साउथ अफ्रीका ने मुकाबले में 1-2 का स्कोर कर दिया। मैच में पहला गोल खाने के बाद भारतीय टीम दबाव में दिखने लगी। इसी क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। लेकिन भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने दक्षिण अफ्रीका के इस हमले को विफल कर दिया। इसके कुछ देर बाद ही विकेक सागर प्रसाद चोटिल हो गए। भारतीय टीम ने फिर अपना सातवां पीसी भी जाया कर दिया। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से कुछ समय पहले ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिल गया, लेकिन इस बार भी साउथ अफ्रीकी गोलकीपर गोवान जोंस टीम के लिए दीवार बनकर ख? रहे। इस बीच, कप्तान मनप्रीत सिंह को ग्रीन कार्ड थमा दिया गया। लेकिन तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से एक मिनट पहले वह अंदर आ गए। इसके बाद भारतीय टीम तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक 2-1 से आगे थी।




## रोहित शर्मा का कमाल

### पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद नहीं हारे एक भी सीरीज; पाकिस्तानी कप्तान की भी करी बराबरी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने शनिवार रात फ्लोरिडा में खेले गए चौथे टी20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को पटखनी दी। इस जीत के साथ भारत ने 5 मैच की टी20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। रोहित शर्मा ने जब से पूर्ण रूप से भारतीय टीम की कमान संभाली है तब से टीम इंडिया एक भी टी20 सीरीज नहीं हारी है। हिटमैन की अगुवाई में भारत की यह लगातार 8वीं सीरीज जीत है। वहीं बतौर कप्तान शुरुआती 35 मैचों में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने के मामले में रोहित ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद की भी बराबरी कर ली है। 35 मैचों में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने का रिकॉर्ड इससे पहले सरफराज अहमद के नाम था। इस पाकिस्तानी कप्तान ने अपने करियर की शुरुआत में पाक को 35 में से 29 मुकाबले जीताए थे, अब रोहित शर्मा ने भी टीम इंडिया को इतने मुकाबले जीताकर सरफराज की बराबरी कर ली है। पूर्ण रूप से कप्तानी संभालने के बाद रोहित शर्मा के विनिंग प्रतिशत की बात करें तो वह 82.85 का है। रोहित की कप्तानी में भारत ने सिर्फ तीन ही मुकाबले हारे हैं। इनमें से 1-1 मुकाबला टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में हारा, वहीं एक मैच विंडीज के खिलाफ इस सीरीज में गंवाया। हिटमैन की कप्तानी में भारत ने लगातार 5 सीरीज में विपक्षी टीमों का सूपड़ा साफ किया है।

#### भारत के लिए पूर्णकालिक कप्तान के रूप में रोहित शर्मा

- टी20 में न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया
- वनडे में वेस्टइंडीज को 3-0 से हराया
- टी20 में वेस्टइंडीज को 3-0 से हराया
- टी20 में श्रीलंका को 3-0 से हराया
- टेस्ट में श्रीलंका को 2-0 से हराया
- टी20 में इंग्लैंड को 2-1 से हराया
- वनडे में इंग्लैंड को 2-1 से हराया
- टी20 में वेस्टइंडीज को 3-1* से हराया

बात चौथे टी20 की करें तो टीम इंडिया ने मेजबानों को 59 रनों से रौंदा। भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 19.1 ओवर में 132 पर रोक दिया था। भारत की तरफ से आवेश खान, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई ने दो-दो विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह 12 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे।

## सुष्मिता सेन ने समंदर में एंजॉय की स्विमिंग



**मुंबई,एजेंसी। जब से बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन के रिलेशनशिप की खबरें आई हैं तब से ही वे चर्चा में बनी हुई हैं। जैसा की सभी जानते हैं कुछ समय पहले ही आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अपने और सुष्मिता सेन के रिलेशनशिप का ऐलान किया था। इसके बाद से ही सुष्मिता को लेकर की सारी खबरें आईं। पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे अपने फैंस को अपनी लाइफ के अपडेट देती रहती हैं। एक्ट्रेस अपनी फोटो वीडियोज शेयर करती रहती हैं। हाल ही में सुष्मिता ने अपना स्विमिंग करते हुए एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में वे समंदर में डुबकी लगाते हुए नजर आ रही हैं।**

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वे समंदर में डुबकी लगा रही हैं। अपनी स्विमिंग की ये वीडियो शेयर करते हुए सुष्मिता ने एक खास कैप्शन भी लिखा है उन्होंने लिखा कि च्सीधे हो जाओ थोड़ा रुकिए, सांस लीजिए और चीजों को जाने दीजिए। अपने आप को सरेंडर कर दो और उससे सीख लो। जिस तरह से मैंने इस समंदर का मजा लिया। इस वीडियो को काफी खूबसूरती से मेरे दोस्त ने बनाया है। जिंदगी में जहां गहराई है मैं वहां हमेशा ही उसके लिए तैयार रहती हूं। मैं आप सभी से बहुत प्यार करती हूं।

#### एक्ट्रेस ने शेयर किया वीडियो

सुष्मिता का स्विमिंग करते हुए वीडियो एक्ट्रेस के फैंस को काफी पसंद आ रहा है। सुष्मिता के इस अंदाज से फैंस काफी इंप्रेस हो रहे हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि सुष्मिता सेन एक यॉट पर हैं। साथ ही स्विमिंग करने के लिए उन्होंने अपने मुंह पर एक ब्रीदिंग मास्क भी लगाया हुआ है। सुष्मिता ने ब्लैक स्पेगेटी के साथ एक व्हाइट स्कर्ट पहनी हुई है। वीडियो में वे यॉट के किनारे पर जाकर समंदर में छलांग लगाती हुई दिखाई दे रही हैं। इसके बाद वे स्विमिंग करती हैं। सुष्मिता के इस वीडियो को उनके किसी दोस्त ने बनाया है।



## रक्षा बंधन को सेंसर से मिला यू सर्टिफिकेट

**5 साल बाद ये सर्टिफिकेट पाने वाली बॉलीवुड फिल्म, 2017 में हिंदी मीडियम को मिला था**

**मुंबई, एजेंसी।** 11 अगस्त को रिलीज होने वाली अक्षय कुमार की फिल्म रक्षा बंधन को सेंसर बोर्ड ने यू सर्टिफिकेट दिया है। यह सर्टिफिकेट उन फिल्मों को दिया जाता है जिसे परिवार बिना किसी झिझक के एक साथ बैठकर देख सकता है। ये सर्टिफिकेट उन फिल्मों को दिया जाता है जिसमें किसी तरह के बोल्ड सीन या गाली-गलौज नहीं होते हैं। इससे पहले बॉलीवुड की 2017 में आई फिल्म हिंदी मीडियम को सर्टिफिकेट मिला था। आमतौर पर बॉलीवुड फिल्मों को सेंसर से / सर्टिफिकेट मिलता है। रक्षाबंधन के साथ रिलीज होने जा रही आमिर खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म लाल सिंह चड्ढा को भी / सर्टिफिकेट ही मिला है।

## लाल सिंह चड्ढा को बॉयकॉट करने की मांग पर कंगना रनौत का रिएक्शन

**मुंबई,एजेंसी।** आमिर खान की अपकमिंग फिल्म च्लाल सिंह चड्ढा जल्द ही रिलीज होने वाली है। आमिर की फिल्में जब भी रिलीज होती है उससे पहले हमेशा कॉन्ट्रोवर्सी होती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा को बॉयकॉट करने की मांग हो रही है। इस पर अब आमिर खान और करीना कपूर का रिएक्शन आ गया है। आमिर ने कहा है कि च्वे काफी दुखी हैं। लोग सोचते हैं कि मैं भारत को पसंद नहीं करता हूं। लेकिन ऐसा नहीं है। मैं भारत को बहुत पसंद करता हूं। लोगों को मुझे लेकर अपनी ये सोच बदलनी चाहिए। अब इन सब कंगना रनौत का भी रिएक्शन आ चुका है।

बता दें कि लाल सिंह चड्ढा को लेकर चल रहे विवाद में कंगना ने भी अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर कर लिखा है कि च्मुझे लगता है कि लाल सिंह चड्ढा को लेकर जो भी नेगेटिविटी चल रही है उसके पीछे मास्टरमाइंड आमिर खान जी खुद हैं। इस साल कोई भी हिंदी फिल्म नहीं चली है। सिर्फ कॉमेडी सीक्वल और साउथ फिल्में जिनमें भारतीय कल्चर को दिखाया गया है या जिसमें लोकल फ्लेवर है। एक हॉलीवुड फिल्म का रीमेक नहीं चलता। लेकिन अब वे भारत को उतावला कहेंगे। इसके आगे कंगना ने लिखा कि चहिंदी फिल्मों को दर्शकों की नब्ज को समझना होगा। यहां बात हिंदू और मुस्लिम की नहीं है। आमिर खान जी ने हिंदूफोबिक पीके बनाई और भारत को असहिष्णु देश बताया।



और इसके जरिए अपनी लाइफ की सबसे बड़ी फिल्म दी। प्लीज इसे धर्म या विचारधारा से जोड़कर बताना बंद करें। यह उनकी खराब फिल्मों और खराब एक्टिंग से अलग बात है।ज्छोटे शहर वालों को वहीं से आए लोग नहीं देंगे मौका तो फिर कौन देगा,फिल्म च्जनहित में जारीज के बाद लेखक, निर्माता, निर्देशक राज शांडिल्य की बनाई एक वेब सीरीज च्द ग्रेट वेडिंग्स ऑफ मुन्नेसज वूट सेलेक्ट पर रिलीज हुई है। इस बार उन्होंने निर्देशन की जिम्मेदारी सुनील सुब्रमणि को दी है। च्ड्रीम गर्लज के बाद राज शांडिल्य ने किसी भी फिल्म का निर्देशन नहीं किया है। ऐसी चर्चा रही है कि च्ड्रीम गर्लज की प्रोड्यूसर एकता कपूर के साथ करार में बंधे रहने की वजह से राज किसी दूसरे निर्माता की या अपनी ही कंपनी की कोई दूसरी फिल्म निर्देशित नहीं कर पा रहे है। वरुण धवन को लेकर च्मस्काराज, सोनू सूद को लेकर चकिसानज और बुजुर्ग धावक फौजा सिंह की बायोपिक बनाने का एलान भी राज कर चुके हैं। 'अमर उजाला' से इस खास बातचीत में राज शांडिल्य ने अपनी नई वेब सीरीज और फिल्मों को लेकर उठ रहे सवालों के बेबाकी से जवाब दिए।

### नई प्रतिभाओं को मौका देना जरूरी

टेलीविजन पर कॉमेडी शोज लिखकर सुर्खियों में आए लेखक राज शांडिल्य जब से निर्माता बने हैं, लगातार फिल्में और वेब सीरीज बना रहे हैं। बतौर निर्माता राज ने च्जनहित में जारीज के निर्देशन की कमान जय बसंतू सिंह को दी और अब च्द ग्रेट वेडिंग्स ऑफ मुन्नेसज के निर्देशन की कमान सुनील सब्रमणि को। राज शांडिल्य कहते हैं, च्मेरी हमेशा यही कोशिश रहती है कि नई प्रतिभाओं को इंडस्ट्री में लेकर आऊं। अगर मैं ऐसा कर सकता हूं और मेरे पास साधन है तो मुझे ऐसा करना ही चाहिए। मुंबई में तमाम छोटे छोटे शहरों के युवा अपने सपने पूरे करने आते हैं। मैं जब पहली बार मुंबई आया तो मेरे भी ऐसे ही अरमान थे। नए कलाकारों और तकनीशियनों को मौका मिलने से ही सिनेमा में नई सोच सामने आती है। और, इन लोगों को हम लोग ही मौका नहीं देंगे तो फिर कौन देगा।